

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -308 जबलपुर, मंगलवार 07 जनवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


## छत्तीसगढ़-बीजापुर में नक्सलियों ने जवानों से भरी गाड़ी को उड़ाया, 9 जवान शहीद




बीजापुर. (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है. नक्सलियों ने जवानों से भरी गाड़ी को उड़ा दिया है. बताया जा रहा है कि हमले में 8 जवान और एक ड्राइवर की मौत हो गई. यह हमला बीजापुर के कुटरू मार्ग पर बेदरी-अंबेली नाला के पास किया गया. मौके पर अभी भी मुठभेड़ जारी है.

जानकारी के मुताबिक, बीजापुर के कुटरू मार्ग पर नक्सलियों ने बड़ा हमला किया है. हमले में जवानों की गाड़ी को उड़ा दिया गया है. नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर हमला किया है. हमले में 9 जवानों की मौत की पुष्टि की गई है. कुछ जवानों के गंभीर रूप से घायल होने की भी सूचना है. छ्रत्र दंतेवाड़ा के सात जवानों के मारे जाने की पुष्टि हुई है. जानकारी के अनुसार मुठभेड़ अभी भी जारी है. बताया जा रहा है कि जिस जगह यह हमला हुआ है, वह नक्सलियों का इलाका है. कुटरू के पास अबूझमाड़ का इलाका लगता है. हमले की खबर मिलने के बाद दंतेवाड़ा से अतिरिक्त सुरक्षाबलों को मौके पर भेजा गया है. कई जवानों के घायल होने की भी खबर है. घायलों को हेलीकॉप्टर से रायपुर लाने की तैयारी की जा रही है.

जवानों के काफिले में एक से अधिक वाहन चल रहे थे. छत्तीसगढ़ के नक्सल चीफ विवेकानंद सिन्हा ने बताया कि डीआरजी दंतेवाड़ा के सभी जवान बीजापुर के पास कुटरू के पास ऑपरेशन से लौट रहे थे, तभी घात लगाए बैठे नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया. जवानों के हताहत होने के बारे में उन्होंने कहा कि पता लगाने की कोशिश की जा रही है. छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इस घटना पर कहा कि जब भी इनके खिलाफ बड़े ऑपरेशन होते हैं तो ये नक्सली कायराना हमले पर उतर आते हैं।

देश में पहुंचा खतरनाक वायरस, कर्नाटक में मिले एचएमपीवी के 3 केस, आईसीएमआर ने की पुष्टि अलर्ट जारी

## चीन से आई कोरोना जैसी एक और महामारी भारत में एक ही दिन में मिले तीन केस, तीनों बच्चे



नई दिल्ली-(आरएनएस)। भारत में एचएमपीवी के केस लताार बढ़ते जा रहे हैं। कर्नाटक में 2 केस सामने आने के बाद अब गुजरात के अहमदाबाद में एक बच्चे में संक्रमण मिला है। इससे पहले 8 महीने का बच्चा बेंगलुरु में संक्रमित मिला था। यह भारत का पहला केस था। दूसरा केस भी कर्नाटक का रहा, जहां 3 महीने की बच्ची संक्रमित पाई गई। दुनिया कोविड-19 के खतरे से दहल चुकी है। अब उसके ऊपर एचएमपीवी वायरस का खतरा मंडरा रहा है। यह वायरस चीन में आतंक मचा रहा है, जिससे वहां अघोषित इमरजेंसी जैसा माहौल बन चुका है। बेंगलुरू के अस्पताल में आठ महीने की बच्ची एचएमपीवी से संक्रमित मिली है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि यह टेस्ट हमारी लैब में नहीं हुआ है। हमने बच्ची की जांच एक निजी अस्पताल में कराई, जहां से यह रिपोर्ट मिली है। आपको बता दें कि वायरस का खतरा सबसे ज्यादा बच्चों को है। इस वायरस के स्ट्रेन का पता नहीं चला है। एचएमपीवी को ह्यूमन मेटान्यूमोवायरल कहा जाता है। यह सामान्य सर्दी-जुकाम की तरह दिखता है। इस वायरस से संक्रमित व्यक्ति के खांसी, गले में घरघराहट, खराशे और नाक बहने लगती है। कमजोर इम्यूनिटी वालों के लिए यह गंभीर खतरे बन सकता है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को एचएमपीवी वायरस से खतरा बना रहेगा। इस वायरस के बारे में जानकारी सामने आई है कि संक्रमित मरीजों को सांस लेने में परेशानी होती है। शनिवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किया बयान चीन में ह्यूमन मेटानिमोवायरस (एचएमपीवी) के खतरे पर ध्यान रखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि भारत इस वायरस की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। हम इससे निपटने में पूरी तरह से सक्षम हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने डब्ल्यूएचओ से अनुरोध किया है कि वह एचएमपीवी वायरस पर समय से अपडेट करते रहें, जिससे इसके प्रभाव के बारे में जानकारी मिल सके। हम एचएमपीवी मामलों को गंभीरता से लेते हुए एहतियाती कदम उठा रहे हैं। जांच करने वाली प्रयोगशालाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी और आइसीएमआर पूरे साल निगरानी रखेगा।

कोविड 19 ने दुनिया को दहला दिया था। पूरी दुनिया में लॉकडाउन जैसी स्थिति बन गई थी। महामारी के समय भारत में भी लॉकडाउन लगाने पड़ा था। ऐसे में क्या एचएमपीवी वायरस इतना खतरनाक है कि लॉकडाउन जैसे हालात बनेंगे। शुरुआती जानकारी में ऐसा निकलकर सामने आया है कि यह कोविड जितना खतरनाक नहीं है।

## ताज होटल में फिर मचा हड़कंप! सेम नंबर वाली दो गाड़ियां, कोई बड़ी साज़िश?



मुंबई (आरएनएस) ।मुंबई के कोलाबा में होटल के बाहर मिली एक ही नंबर प्लेट वाली दो कारों को वाहन चालक सहित वहां के पुलिस स्टेशन ले जाया गया। कोलाबा पुलिस ने कहा कि नरीमन पॉइंट के रहने वाले साकिर अली के पास रू॥01 श्वश्व 2388 नंबर प्लेट वाली अर्टिगा है और वह कार के असली मालिक हैं।

महाराष्ट्र के मुंबई में पुलिस ने प्रतिष्ठित ताज महल पैलेस होटल के पास एक ही नंबर प्लेट के साथ खड़ी दो कारों की जांच शुरू कर दी। मुंबई के कोलाबा में होटल के बाहर मिली एक ही नंबर प्लेट वाली दो कारों को वाहन चालक सहित वहां के पुलिस स्टेशन ले जाया गया। कोलाबा पुलिस ने कहा कि नरीमन पॉइंट के रहने वाले साकिर अली के पास रू॥01 श्वश्व 2388 नंबर प्लेट वाली अर्टिगा है और वह कार के असली मालिक हैं।

जब वह गेटवे ऑफ इंडिया के सामने थे, साकिर अली को उसी मॉडल और नंबर प्लेट वाली एक और अर्टिगा कार मिली, जिसके बाद उन्होंने पास के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) को सूचित किया। दोनों कारों को कोलाबा पुलिस स्टेशन लाया गया और जांच के बाद पता चला कि नवी मुंबई के सीवुड्स के रहने वाले प्रसाद कदम ने जानबूझकर अपनी कार की नंबर प्लेट में बदलाव किया था क्योंकि उन्होंने चोल मंडलम से कार लोन लिया था। कोलाबा पुलिस ने कहा, मैं इसका भुगतान करने में असमर्थ हूं। अधिकारी ने कहा कि ड्राइवरों के बयान दर्ज किए गए हैं और उनके द्वारा दिए गए विवरण के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दक्षिण मुंबई में कोलाबा का ताज महल पैलेस होटल एक लक्जरी होटल है जो 26/11 के हमलों या 26 नवंबर, 2008 के हमलों में आतंकवादियों के मुख्य लक्ष्यों में से एक था, जिसमें 160 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। 2008 के मुंबई हमले नवंबर 2008 में हुए समन्वित आतंकवादी हमलों की एक श्रृंखला थी, जब पाकिस्तान स्थित आतंकवादी आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 सदस्यों ने शहर भर में चार दिनों तक चलने वाले 12 गोलीबारी और बमबारी हमलों को अंजाम दिया था।

पीएम-जनमन अभियान के अंतर्गत 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट का किया शुभारंभ- दुर्गम क्षेत्रों में घर-घर पहुंचेंगी स्वास्थ्य सेवाएं

## स्वास्थ्य सेवाओं का सशक्तीकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता- मुख्यमंत्री डॉ. यादव







भोपाल-(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं का सशक्तीकरण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश के प्रत्येक कोने तक उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचे, हर ज़िले में मेडिकल कॉलेज हों, अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध हों और पर्याप्त स्वास्थ्य अमला हो। उन्होंने कहा कि 46 हज़ार से अधिक स्वास्थ्य अमले की भर्ती के लिये स्वीकृति दी जा चुकी है। उन्होंने शीघ्र भर्ती प्रक्रिया पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सशक्त स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा से कोई भी क्षेत्र विकास की छलांग लगाने के लिये तैयार होता है। सशक्त और विकसित प्रदेश के लिये इन क्षेत्रों का सशक्त होना ज़रूरी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समत्व भवन से 'पीएम जनमन अभियान' के तहत 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये मोबाइल मेडिकल यूनिट प्रदेश के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सहज और सुलभ उपलब्धता का कार्य करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मोबाइल मेडिकल यूनिट्स दुर्गम और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों में पहुँचकर आमजन को ओपीडी, रोग निदान, उपचार और दवाइयों जैसी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगी। प्रत्येक यूनिट में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी और अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से प्रदेश के स्वास्थ्य मानकों में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तीकरण के लिये संसाधनों की कमी नहीं होने दी जायेगी। मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिये हम संकल्पबद्ध हैं।

87 विकासखण्डों के 1268 ग्रामों में पहुँचेगी यूनिट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट्स (एमएमयू) से 21 जिलों के 87 विकासखंडों में 1268 ग्रामों के लगभग 3,12,246 लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी।

## गैस लीक होते ही ब्लास्ट, दो घरों में लगी आग, तीन झुलसे

छिंदवाड़ा.(आरएनएस)। एमपी के छिंदवाड़ा स्थित पिपरिया राजगुरु अमरवाड़ा में देर रात गैस लीक होने से दो घरों में आग लगने से लाखों रुपए की गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया. वहीं घरों में निवासरत तीन लोग बुरी तरह झुलस गए. जिन्हे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया. जहां पर हालत को देखते हुए भरती कर लिया गया. घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहा. पुलिस अधिकारियों के अनुसार पिपरिया राजगुरु में रहने वाले राजेश वंशकार के घर में देर रात गैस लीक होने से आग लग गई. आग ने देखते ही देखते विकराल रुप धारण कर लिया और पड़ोसी रामकुमार वंशकार के घर तक पहुंच गई. दोनों घरों में आग लगी देख परिजनों में चीख पुकार मच गई. आग देख आसपास के लोग भी घरों से बाहर आ गए,

## जेल से बाहर आए प्रशांत किशोर, अब बिना शर्त जमानत मिली, बेल बॉन्ड भरने से किया था इनकार



पटना.(आरएनएस)। जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के कुछ घंटों बाद सोमवार को बिना शर्त जमानत मिल गई। इससे पहले कोर्ट ने उन्हें शर्तों के साथ जमानत दी थी। यही कारण रहा कि प्रशांत किशोर ने जमानत लेने से इनकार कर दिया था। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। हालांकि, अब कोर्ट की ओर से उन्हें बिना शर्त जमानत दे दी गई है। प्रशांत किशोर को जेल से बाहर लाया गया है।

किशोर बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की एक परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर अपना आमरण अनशन जारी रखने पर अड़े हुए हैं। इससे पहले दिन में उन्हें पटना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इन सबके बीच प्रशांत किशोर ने बड़ा बयान दिया है। प्रशांत किशोर ने कहा कि सुबह 5 से 11 बजे तक मुझे पुलिस की गाड़ी में बैठाया गया और अलग-अलग जगहों पर ले जाया जाता रहा। किसी ने मुझे नहीं बताया कि मुझे कहां ले जाया जा रहा है, जबकि मैंने उनसे कई बार पूछा।

प्रशांत किशोर ने आगे दावा किया कि 5 साल बाद, वे मुझे फतवा के सामुदायिक केंद्र में ले गए और वे मेरा मेडिकल परीक्षण करना चाहते थे और डॉक्टरों से प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी सहमति देने से इनकार कर दिया क्योंकि मैंने कोई आपराधिक गतिविधि नहीं की, मैंने डॉक्टरों को यह बताया। पुलिस ने डॉक्टरों को समझाने की कोशिश की लेकिन उन्होंने अवैध प्रमाणपत्र देने से इनकार कर दिया।

त्रिपुरा में बड़ा हादसा

## पिकनिक बस में लगी आग, 13 छात्र झुलसे, कई गंभीर

नई दिल्ली. (आरएनएस)। पश्चिम त्रिपुरा के मोहनपुर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है. जहां रविवार को पिकनिक मनाने आए छात्रों से भरी एक बस में आग लग गई, जिससे 13 स्कूली छात्र झुलस गए. मामले में पुलिस अधीक्षक (एसपी) किरण कुमार ने बताया कि इनमें से नौ छात्रों को जीबीपी अस्पताल भेजा गया, जबकि बाकी चार को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद घर भेज दिया गया. उन्होंने कहा कि यह आग बस में रखे जनरेटर के विस्फोट के कारण लगी थी. मामले की जांच चल रही है. मामले में राज्य के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने इस घटना पर गहरी चिंता जताई और सभी घायल छात्रों के जल्दी ठीक होने की कामना की. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर लिखा कि मोहनपुर में हुई

जम्मू-कश्मीर, तेलंगाना और ओडिशा में रेल ढ़ांचा परियोजनाओं के शुभारंभ से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और इन क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास में मदद मिलेगी- प्रधानमंत्री

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न रेल परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखी



नई दिल्ली-(आरएनएस)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने नए जम्मू रेलवे डिवीजन का उद्घाटन किया। उन्होंने पूर्वी तटीय रेलवे के रायगढ़ रेलवे मंडल भवन की आधारशिला भी रखी और तेलंगाना में चरलापल्ली नए टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन किया।

श्री गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती के अवसर पर सबको अपनी शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि गुरु गोविंद सिंह की शिक्षाएं और जीवन एक सुदृढ़ और समृद्ध राष्ट्र के दृष्टिकोण के लिए प्रेरित करते हैं। आवागमन संपर्क में भारत की तेज प्रगति की सराहना करते हुए श्री मोदी ने कहा कि 2025 के आरंभ में ही भारत ने अपने मेट्रो रेल नेटवर्क को 1000 किलोमीटर से अधिक तक विस्तारित करने के साथ अपनी पहल को गति दे दी है। श्री मोदी ने कहा कि आज का कार्यक्रम इस बात को फिर प्रमाणित करता है कि सारा देश एक साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है और जम्मू-कश्मीर, ओडिशा और तेलंगाना में आरंभ की गई रेल परियोजनाएं देश के उत्तर, पूर्व और दक्षिण क्षेत्रों के लिए आधुनिक आवागमन संपर्क की एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री ने फिर दोहराया कि सबका साथ, सबका विकास का मंत्र विकसित भारत की भविष्यदृष्टि को वास्तविकता में बदल रहा है। उन्होंने इन परियोजनाओं के लिए संबंधित राज्यों के लोगों और देश के सभी नागरिकों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में समर्पित माल ढुलाई गलियारे जैसे आधुनिक रेल नेटवर्क पर तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि ये विशेष गलियारे नियमित पटरियों पर बोझ कम करेंगे और उच्च गति की रेल गाड़ियो का अधिक परिचालन होगा। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि मेड इन इंडिया को बढ़ावा देने के साथ रेलवे में भी परिवर्तनकारी सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि मेट्रो और रेलवे के लिए आधुनिक कोच विकसित किए जा रहे हैं। स्टेशनों को पुनर्विकसित किया जा रहा है, स्टेशनों पर सौर पैनल लगाए जा रहे हैं और रेलवे स्टेशनों पर एक स्टेशन, एक उत्पाद की दुकानें खोली जा रही हैं। ये सभी पहल रेलवे क्षेत्र में रोजगार के लाखों नए अवसर उत्पन्न कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि पिछले एक दशक में लाखों युवाओं को रेलवे में स्थायी सरकारी नौकरियां मिली हैं।

## भोपाल गैस त्रासदी के जहरीले कचरे को लेकर एमपी हाईकोर्ट ने 6 सप्ताह का दिया समय, सरकार ने कहा- गलत जानकारी से बिगड़े हालात



जबलपुर/भोपाल. (आरएनएस)। भोपाल गैस त्रासदी के जहरीले कचरे को लेकर मचे घमासान के बीच आज सोमवार 6 जनवरी को जबलपुर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. इस दौरान होईकोर्ट की डिवीजन बेंच से सरकार ने कहा कि गलत जानकारी के कारण पीथमपुरा में हालात बिगड़े और स्थिति खराब हुई. सरकार ने कोर्ट से 6 हफ्ते का समय मांगा. इस पर चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने सरकार की मांग मानते हुए उसे छह सप्ताह का समय दे दिया. अब मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी. दरअसल, यूनियन कार्बाइड के कचरे के निस्तारण को लेकर हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई. इस दौरान सरकार की ओर से कोर्ट में एक हलफनामा पेश किया है. जिसमें सरकार ने बताया है कि यूनियन कार्बाइड के कचरे को लेकर लोगों द्वारा भ्रामक जानकारियां फैलाई जा रही है. इस पर कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए मुद्दे से जुड़ी फेक जानकारी या न्यूज पर रोक लगा दी है. साथ ही कोर्ट ने सरकार से कहा है कि गलत जानकारी को दूर किया जाए.

अलग अनुमति की जरूरत नहीं

सुनवाई के दौरान सरकार ने रामकी कंपनी में खड़े कंटेनर को अनलोड करने की अनुमति कोर्ट से मांगी है. इस पर कोर्ट ने कहा कि इसके लिए अलग से अनुमति की जरूरत नहीं है. निस्तारण के पूर्व आदेश में ही यह कार्रवाई आती है. राज्य सरकार ने कोर्ट में बताया कि कचरे को अभी जलाया नहीं गया है. इस पर कोर्ट ने सरकार को अपने स्तर पर निस्तारण करने की छूट दी है. इसके लिए उसे छह हफ्ते का समय दिया गया है. इसके अलावा भी कोर्ट में कचरे के निस्तारण को लेकर इंदौर के डॉक्टर्स द्वारा कई आवेदन और आपत्तियां पेश की गई हैं. इन्हें लेकर कोर्ट ने सरकार से कहा है कि वो सभी आवेदन और आपत्तियां को संज्ञान में लेकर उसमें दिए गए तथ्यों को देखे. मामले में अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी.




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना कुण्डम में राकेश बांगड़े उम्र 43 वर्ष निवासी कुण्डम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गुरूकृपा इंटर प्राईजेस कुण्डम में सुपरवाईजर की नौकरी करता है आज सुवह लगभग 11-30 बजे तहसील तिराहा कुण्डम से बस स्टेण्ड कुण्डम तरफअपनी बुलोरो से जा रहा था जैसे ही चांदनी चौक कुण्डम पहुँचा तभी पीछे से मुजाहिद बस क्रमांक एमपी 20 पीए 0970 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी बुलोरो में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे बुलोरो क्षतिग्रस्त हो गयी है। रिपोर्ट पर धारा 281, 324( 4 ) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय-कुलगुरु की अनियमितताओं और महिला अधिकारी के प्रति अशोभनीय आचरण पर एनएसयूआई का विरोध प्रदर्शन

## विश्वविद्यालय के इतिहास में कुलगुरु कि नियुक्ति को बताया काला धब्बा तत्काल धारा 52 लगाने की मांग विवि में रौंपे बेशर्म के पौधे





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (आरडीवीवी) के कुलगुरु प्रोफेसर राजेश कुमार वर्मा की अक्षमता, अनियमितताओं और महिला अधिकारी के प्रति अशोभनीय आचरण के खिलाफ एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय सचिव देवकी पटेल, एवं अनुराग शुक्ला के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बेशर्म के पौधे लगाकर विश्वविद्यालय प्रशासन की निष्क्रियता और कुलगुरु की अमर्यादित कार्यशैली पर गहरी नाराजगी जताई। कुलगुरु के बाहर न आने पर छात्रों ने बेशर्म के पौधे उनकी गाड़ी पर रख दिए। यह बेशर्म के पौधे उन पर लगे गंभीर आरोपों के बावजूद उनके इस्तीफे न देने के विरोध में रौंपे गए।

एन एस यू आई राष्ट्रीय सचिव देवकी पटेल ने कहा कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर राजेश कुमार वर्मा पर कई गंभीर आरोप लगे हैं, जो न केवल विश्वविद्यालय की गरिमा बल्कि शिक्षा व्यवस्था की नैतिकता पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े करते हैं। महिला सहायक कुलसचिव ने कुलगुरु पर अशोभनीय आचरण और अभद्र इशारों जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं, जो महिला सम्मान और कार्यस्थल की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं। इसके अलावा, कुलगुरु की नियुक्ति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (त्रष्ट) के नियमों का उल्लंघन करते हुए की गई, क्योंकि उनके पास इस पद के लिए आवश्यक अनुभव और योग्यता नहीं है। साथ ही, उनके नेतृत्व में शैक्षणिक अनियमितताएं चरम पर हैं। परीक्षा परिणामों में त्रुटियों, क्कद्धष्ठ प्रवेश प्रक्रिया में देरी और उत्तर पुस्तिकाओं की लापरवाह जांच ने छात्रों के भविष्य को संकट में डाल दिया है।

कुलगुरु की यह निष्क्रियता और अनियमितताएं विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्रों दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। ज्ञात हो कि कुलगुरु महोदय छात्रों से मिलते भी नहीं है। उनका छात्रों और उनकी समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। अत: आज उन्हें आईना दिखाने के उद्देश्य से उनके समक्ष बेशर्म के पौधे लगाए हैं।

एन एस यू आई के अनुराग शुक्ला ने कहा कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जो कभी शिक्षा और गरिमा का प्रतीक था, आज अपने नेतृत्व की अक्षमता और अनैतिक आचरण के कारण शर्मसार हो रहा है। कुलगुरु पर लगे महिला अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार के आरोप न केवल महिला सम्मान पर गहरा आघात हैं, बल्कि यह हमारे समाज की नींव को भी कमज़ोर करता है। इस मामले में राज्य महिला आयोग द्वारा जिला कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर इस मामले की जांच को कहा है, परंतु यदि कुलगुरु अपने पद पर बने रहेंगे तो नि:संदेह जांच को प्रभावित करेंगे। अत: उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

एनएसयूआई ने कुलगुरु की बर्खास्तगी और स्वतंत्र जांच की मांग करते हुए कहा कि निष्पक्ष जांच- महिला अधिकारी द्वारा लगाए गए आरोपों और कुलगुरु की अवैध नियुक्ति की गहन जांच हो एव कुलगुरु को तत्काल उनके पद से बर्खास्त किया जाए ताकि जांच निष्पक्ष रूप से हो सके।

साथ ही विश्वविद्यालय में छात्रों और कर्मचारियों के हित में एक योग्य, नैतिक और अनुभवी कुलगुरु की नियुक्ति की जाए।

एनएसयूआई का यह संघर्ष जारी रहेगा जब तक कुलगुरु को उनके पद से बर्खास्त नहीं किया जाता एवं धारा 52 नहीं लगाई जाती।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनएसयूआई प्रदेश सचिव अदनान अंसारी, प्रतीक गौतम, एजाज अंसारी, राहुल यादव, सक्षम यादव, शफी खान, अंकित कोरी, हर्ष ठाकुर, यस ठाकुर, युग ठाकुर, एश्वर्य नाहर, पुष्पराज राजपुर, आर्यन चौधरी, आदर्श तोमर, आयुष सिंह, साहिल आदि उपस्थित थे।

# कोटा मंडल में वन्दे भारत स्लीपर रैक का 160 किमी प्रति घंटा की गति से ट्रायल



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आरडीएसओ (अनुसंधान, अभिकल्प और मानक संगठन) लखनऊ टीम परिचालन विभाग के नेतृत्व में पश्चिम मध्य रेल की टीम द्वार कोटा मंडल में नई डिजाइन वाली वन्दे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर रैक का गति परिक्षण किया जा रहा है। मंडल में आरडीएसओ टीम परिचालन विभाग के सहयोग से 31 दिसम्बर से वन्दे भारत स्लीपर रैक का ट्रायल कर रही है। इस वन्दे भारत स्लीपर रैक का भारतीय रेल में पहला हाई स्पीड ट्रायल कोटा मंडल में आरडीएसओ टीम द्वारा किया जा रहा है। इस स्लीपर रैक के सफल ट्रायल के पश्चात् यात्रियों को देश के विभिन्न रेलमार्गों पर लम्बी दूरी के रेल यात्रियों को तेज, सुरक्षित और विश्वस्तरीय यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी।

यह ट्रायल वन्दे भारत स्लीपर रैक के विभिन्न तकनीकी मानकों के विश्लेषण के लिए किया जा रहा है। जिसमे कपलर फोर्स, एयर सस्पेंशन, ब्रेकिंग सिस्टम, घुमाव ट्रैक पर गति इत्यादि का परीक्षण शामिल है। वन्दे भारत स्लीपर रैक का 06 जनवरी को नागदा-कोटा-सवाई माधोपुर रेल खण्ड पर सूखे एवं गीले ट्रैक की अवस्था में कई बार 160 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से गति परीक्षण किया गया। जिसमे विशेष रूप से आपातकालीन ब्रेकिंग दूरी एवं कपलर फोर्स से संबंधित आँकड़ों को विश्लेषण के लिए संरक्षित किया गया। इस वन्दे भारत स्लीपर कोच की रैक में कुल 16 कोच है। जिसका ट्रायल पूरे जनवरी माह तक आरडीएसओ टीम के द्वारा किया जाएगा।

यह ट्रायल आरडीएसओ के संयुक्त निर्देशक (परीक्षण) के निर्देशन में किया गया जिसमे कोटा मंडल के यातायात निरीक्षक एवं लोको निरिक्षक ने आरडीएसओ लखनऊ टीम के साथ को-आर्डिनेट किया।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के मापदण्डों के अनुरूप प्लांटों को तैयार करने अधिकारियों को निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देश

# निगमायुक्त द्वारा तेवर और ललपुर एस.टी.पी. प्लांट का अधिकारियों के साथ किया गया निरीक्षण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा अमृत योजना के अंतर्गत शहर में सीवर लाईन बिछाने का कार्य तेजगति से कराया जा रहा है। इसके साथ-साथ सीवर की कनेक्टीविटी और उसका प्रोपर संचालन के लिए एस.टी.पी. प्लांट का निर्माण भी कराया जा रहा है। जिसका निरीक्षण निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव लगातार कर रहीं हैं और कार्यो को गति प्रदान करने दिशा निर्देश भी दे रहे हैं। आज इसी कड़ी में निगमायुक्त द्वारा तेवर और ललपुर स्थित निर्माणाधीन एस.टी.पी. प्लांटों का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि प्लांटों का निर्माण, रखरखाव एवं संचालन व्यवस्था स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप हो इस बात का सभी संबंधित अधिकारी अनिवार्य रूप से ध्यान रखें।

निगमायुक्त ने इस अवसर पर अन्य विकास कार्यो का भी निरीक्षण किया और विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने निरीक्षण के दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए शहर में कराये जा रहे कार्यो का भी निरीक्षण किया जिसमें सार्वजनिक प्रसाधन केन्द्रों, नाला-नालियों, कंजरवेंसियों की सफाई व्यवस्था की जानकारी भी ली।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि स्वच्छता के कार्यो में किसी प्रकार की कोई कोताही न हो इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी तत्पर रहें और शासन के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत् समय सीमा के पूर्व कार्य कराये जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के समय अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक यंत्री संजय सिंह के अलावा कंसल्टेंट ठेकेदार आदि उपस्थित रहे।

## संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर में फ्लाई ऐश सदुपयोग 102 फीसदी तक पहुंचा

# दिसंबर तक रेल रेक से किया 2 लाख मीट्रिक टन से अधिक फ्लाई ऐश परिवहन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर ने आज नये वर्ष में उस समय महत्वपूर्ण उपलब्धि? हासिल की जब विद्युत गृह से निकलने वाली फ्लाई ऐश का 100 वां रेल रेक यहां से रवाना किया गया। यह मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की फ्लाई ऐश के सदुपयोग, रि-साईकिल व निबटारा करने की प्रतिबद्धता का परिचायक है। संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर में चालू वित्तीय वर्ष में दिसंबर माह तक 102 फीसदी तक फ्लाई ऐश का सदुपयोग किया जा चुका है। बिरसिंगपुर से निकलने वाली फ्लाई ऐश का सदुपयोग सीमेंट व ईंट बनाने और सड़?क निर्माण में किया जा रहा है। हरी झंडी दिखाकर फ्लाई ऐश रेक किया गया रवाना-बिरसिंगपुर ताप विद्युत गृह से जब फ्लाई ऐश का 100 वां रेल रेक रवाना किया गया तब पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह व डायरेक्टर टेक्नि?कल सुबोध निगम की वर्चुअल उपस्थि?ति रही। वहीं विद्युत गृह में पावर जनरेटिंग कंपनी के कार्यपालक निदेशक परियोजना वीके कैलास?िया व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया के मुख्य अभ?ियंता एसके मालवीया की उपस्थि?ति में बिरसिंगपुर के मुख्य अभ?ियंता आरके साहू ने हरी झंडी दिखाकर रेल रेक को रवाना किया गया। संजय गांधी ताप विद्युत गृह ने कैसे फ्लाई ऐश के सदुपयोग का प्रतिशत बढ़ाया-वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर का फ्लाई ऐश सदुपयोग 56 फीसदी था। फ्लाई ऐश का सदुपयोग, रि-साइकिल व निबटारे के लिए व?िभ?िन्न प्रयास किए गए। परिवहन लागत करने की दृष्टि? से सीमेंट कंपनियों तक रेल से ऐश का परिवहन भी शामिल था। संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर में पूरी रेल रेक को खड़े करने के लिए पर्याप्त स्थान न होने के बावजूद विद्युत गृह के सिविल सेक्शन व फ्लाई ऐश यूटिलाइजेशन एन्ड डिस्पोजल सेक्शन के अथक प्रयास से 19 अगस्त 2023 को रेल से फ्लाई ऐश परिवहन शुरु कर चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया गया।

2.05 लाख मीट्रि?क टन फ्लाई ऐश परिवहन-दो वर्षों से कम समय में अथक प्रयास के उल्लेखनीय परिणाम देखने को मिले। वित्तीय वर्ष 2023-24 में फ्लाई ऐश सदुपयोग 84 प्रतिशत तक बढ़ गया। वहीं चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 (दिसंबर 2024 तक) यह 102 प्रतिशत तक पहुंच गया। इस अवधि? में बिरसिंगपुर ताप विद्युत गृह ने 2.05 लाख मीट्रिक टन फ्लाई ऐश का परिवहन 100 रेल रेक के माध्यम से किया। इस कार्य के संचालन के लिए वैगन टिपलर संभाग के पुराने लोको इंजन का जीर्णोद्धार विभागीय स्तर पर करते हुए इसे विशेष रूप से इसी कार्य के लिए तैयार किया और ऐश रेक के शंटिंग कार्य के लिए भी सुनिश्चितता व उपलब्धता बनाए रखी। इस अवसर पर कार्यक्रम में संजय गांधी ताप विद्युत गृह के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एस. वैद्यनाधन, श्री केएल बिसाने, सभी अधीक्षण अभियंता, अभ?ियंता व कार्मिक थे।

# 11 जनवरी को जबलपुर से रवाना होने वाली दयोदय एक्सप्रेस वाया कोटा-चंदेरिया होकर जाएगी अजमेर

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पूर्व में जारी अधिसूचना के अनुसार 11 जनवरी को रवाना होने वाली जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस को सवाई माधोपुर में शार्ट टर्मिनेट /ओरजिनेट करने का निर्णय लिया गया था जिसमें बदलाव किया गया है।

अब यह ट्रेन 11 जनवरी 2025 को जबलपुर से प्रस्थान करने वाली गाडी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस सवाई माधोपुर नहीं जाएगी बल्कि उसके स्थान पर वाया कोटा-चंदेरिया होकर अजमेर जाएगी। अर्थात यह ट्रेन कोटा-सवाईमाधोपुर-अजमेर स्टेशनों के बीच आंशिक रद्द रहेगी।

इसी प्रकार गाडी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस जो दिनांक 12 जनवरी 2025 को अजमेर से अपने निर्धारित समय से 01 घंटा देरी से प्रस्थान कर अजमेर-सवाईमाधोपुर-कोटा होकर अपने निर्धारित मार्ग से ही संचालित होगी।

यात्रीगण कृपया असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 रेल मदद से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

# जूडो- केडेट राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जबलपुर बना विजेता





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जिला जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश जूडो एसोसिएशन के निर्देशन में इंदौर जिला जूडो संघ द्वारा राज्य स्तरीय सब जूनियर एवं केडिट जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 5 जनवरी तक नेहरू स्टेडियम इंदौर में किया गया। संपन्न हुई इस सब जूनियर व केडेट प्रतियोगिता में जबलपुर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा जिसमें जबलपुर जिला संघ के केडेट खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण एक रजत के साथ नौ कांस्य पदक प्राप्त कर जबलपुर को सम्पूर्ण प्रदेश में विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। जिला जूडो संघ के कोच व सचिव आबिद हुसैन खान ने बताया कि संपन्न हुई इस केडेट राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में नगर के जूडो खिलाड़ी आयशा शाह व कुलसुम शाह ने अपने खेल का श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किए वहीं सम्राट सिंह ने रजत पदक तथा अक्षया साहू, जिया गौर, सामिया अंसारी, सोमिया सिद्दीकी, सपना चौधरी, अंकुश गुप्ता, विनम्र विश्वकर्मा, हर्ष परिहार, यश पाठक आदि ने कांस्य पदक प्राप्त कर जबलपुर को गौरवान्वित किया। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में एडवोकेट अताउर्ररहमान अंसारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई तथा इस दल के कोच बुशरा अंजुम, नौशीन अंजुम व शफीउर्ररहमान थे। श्री खान ने आगे बताया कि प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त यह दोनो खिलाड़ी 22 से 25 जनवरी तक पुणे में आयोजित सब जूनियर राज्य स्तरीय जूडो स्पर्धा में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।खिलाड़ियों की इस सफलता पर राज कुमार मिश्रा, शायदा अली,सत्येंद्र गुरु, मनीष श्रीवास्तव, तावेज़ अली, शशांक आदि ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.


### द्वितीय निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://.mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_ UAD 393385_1 PRO- 456 06.01.2025 | संभाग क्रंमाक- 06 राजीव गांधी वार्ड 31 अंतर्गत रियान स्कूल के बाजू से क्षतिग्रस्त डामलीकरण सड़क का डामल से नवीनीकरण कार्य। | दो माह / 2.97/-( लाख) | 2000/- / 2971 | 21.01.2025 |
| 2 | 2025_ UAD 393385_2 PRO- 456 06.01.2025 | संभाग क्रंमाक- 06 स्थित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में प्रोफाईल शीट कवरिंग कार्य। | दो माह / 6.96/-( लाख) | 2000/- / 6967 | 21.01.2025 |
| 3 | 2025_ UAD 393385_3 06.01.2025 PRO- 456 | संभाग क्रंमाक- 06 अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक-30 स्थित कवर्ड नाले का स्लेब कार्य। | दो माह / 2.36/-( लाख) | 2000/- / 2362 | 21.01.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट http://.mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री ,नगर पालिक निगम जबलपुर



भोपाल ( आरएनएस )। मध्यप्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि यूनियन कार्बाइड के बचरे को पीथमुपरा में निष्पादन के मामले में भी कांग्रेस इंदौर, पीथमपुर और असपास की जनता को गलत जानकारी देकर गुमराह कर रही है। भाजपा कार्यकर्ता विपक्ष के भ्रामक प्रचार को रोकने के लिए जनता को हकीकत बताएं कि मध्यप्रदशे सरकार अदालतों के आदेश व निर्देश पर विशेषज्ञों की निगरानी में पूरी प्रक्रिया कर रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार इस विषय को लेकर जनताक के प्रति संवेदनशील एवं संजीदा है।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर गुरूद्वारे में टेका मत्था**

# गुरु गोबिंद सिंह जी की जीवन यात्रा सभी के लिए प्रेरणादायी-मुख्यमंत्री डॉ. यादव





भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुरू गोबिंद सिंह ने देश और धर्म के गौरव की रक्षा तथा मूल धर्म की स्थापना के लिए अपने चार साहिबजादों और परिवार का जो बलिदान दिया उसके लिए संपूर्ण राष्ट्र नतमस्तक है। देश के स्वाभिमान और संस्कृति को विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ अपने परिवार को कुर्बान कर देने वाली गुरू जी की जीवन यात्रा सभी के लिए प्रेरणादायी है। गुरू गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना कर यह बताया कि देश और संस्कृति के लिए हथियार उठाकर बहादुरी के साथ लड़ना जरूरी है। धर्म, संस्कृति और इतिहास को बचाने का उनका प्रयास सम्पूर्ण विश्व के सामने एक प्रभावी, अतुलनीय और अद्भुत उदाहरण है। हर युग और हर काल में उनकी शहादत याद रखी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिखों के 10वें गुरू खालसा पंथ के संस्थापक गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर गुरूद्वारा हमीदिया रोड में मत्था टेकने के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।

## साहिबजादों के बलिदान को शालेय पाठ्यक्रम में किया जाएगा शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरू गोबिंद सिंह इस रूप में भी भाग्यशाली थे कि उनके परिवार के छोटे से छोटे बच्चे में भी देश, धर्म व संस्कृति के लिए गौरव की अनुभूति थी और वह अपने धर्म और जीवन मूल्यों के लिए बलिदान देने के लिए तत्पर था। गुरू गोबिंद सिंह ने कई आध्यात्मिक प्रश्नों के उत्तर खोजने का प्रयास किया। उन्होंने सभी गुरूओं के पवित्र वचनों को एकत्र करते हुए गुरू ग्रंथ साहब को पंथ के मार्गदर्शक का स्वरूप प्रदान किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि साहिबजादों के बलिदान को शालेय पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीर बालकों की शहादत के दिन, वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय लिया। साथ ही ननकानासाहिब कॉरीडोर सहित अनेकों सौगातें समाज को प्रदान की हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरू तेगबहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व सहित अन्य आयोजनों में राज्य शासन की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीर बाल दिवस 26 दिसम्बर के मौके पर गुरूद्वारा हमीदिया रोड की व्यवस्थाओं को संभालने वाले बच्चों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्मृति-चिन्ह भेंटकर अभिवादन किया गया। उन्होंने गुरूद्वारे में सेवा भी की और उपस्थित जनसमुदाय का अभिवादन किया। इस अवसर पर सुश्री नेहा बग्गा का सम्मान भी किया गया।

# भारत के वैभव के लिए तत्पर रहे स्वयंसेवक : डॉ. मोहन भागवत

भोपाल (आरएनएस)। मालवा प्रांत के घोष विभाग के स्वर शतकम कार्यक्रम के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ हुई। दशहरा मैदान पर संपन्न इस कार्यक्रम को संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संघ में कार्य की साधिकता ओर अनुशासन के अभ्यास के लिये संघ में संगीत अर्थात घोष को सम्मिलित किया गया। सीमित साधनों में संघ के स्वयंसेवकों ने घोष का विकास किया। वित्त को आनंद देने वाले भारतीय रागों से कार्यकर्ताओं में अनुशासन और सत्कर्म की प्रेरणा मिलती है। डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि संघ के स्वयंसेवकों द्वारा किया जाने वाला घोष वंदन किसी प्रदर्शन की प्रेरणा से नहीं, अपितु विशुद्ध देशभक्ति और संघकार्य की प्रेरणा है। संघ की आज्ञा पर घोष वंदन सीखना, एक साथ वादन करना, एक ही प्रकार की रचना का साथ-साथ वादन करना, संघ का अनुशासन है। संघघोष, स्वयंसेवकों में सदवृत्तियों की वृद्धि करता है। संघ कार्य के व्रत को धैर्य और सातत्व देने में घोष एक साधन भी है। एक साल में सबके साथ, सबमें एक होने के लिये सहमति होकर वादन करना, अनुशासन का अभ्यास है।

सबके आंनद के लिए, सबको सुख की अनुभूति देने वाला, यह एक संहतिबद्ध घोष वादन है। सर संघचालक ने कहा कि भारत से बाहर का संगीत चित्त वृत्तियों को उत्तेजित करके उत्साहित करता है, जबकि भारतीय संगबीत चित्त वृत्तियों को शांत करके आनंद देता है। दुखियों के शांत होने पर सच्चिानंद आनंद प्रारंभ होता है। संघ प्रमुख भागवत ने वैभव संपन्न भारत के निर्माण के लिये पूरे समाज से साक्रिय होने का आह्वान करते हुए कहा कि व्यक्तिगत और सामूहिक दृष्टि से गुण संपन्न होकर, मैं ओर मेरा के भाव से रहित होकर, विशुद्ध आत्मीयता के भाव से देशा और देशवासियों को बड़ा करने के लिये, जो-जो, जब-जब करना पड़ता है, ऐसा स्वयंसेवकों का व्यवहार सभी के जीवन में आना चाहिये। सौ वर्षों से साधनरत स्वयंसेवकों के परिश्रम की अनुभूति सभी में है। राष्ट्र नवनिर्माण के संघ के महाअभियान में समाज भी संघ के साथ कार्य करे। मालवा प्रांत के तीन दिवसीय घोष शिविर क समापन पर आयोजित स्वर-शतकम कार्यक्रम में मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में कबीर भजन गायक पद्मश्री कालूराम बामनिया, प्रांत संघचालक प्रकाश शास्त्री और विभाग संघचालक मुकेश मोढ़ उपस्थित थे। सनद रहे संघ के शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार एवं गुणवत्ता कार्यक्रम की श्रृंखला में मालवा प्रांत से घोष वादन का गुणवत्तापूर्ण कार्यक्रम स्वर-शतक्रम संपन्न हुआ।

इसमें मालवा प्रांत के सभी 28 जिलों से सम्मिलित हुए 868 वादकों ने पचास से अधिक घोष रचनाओं की पचास मिनट से अधिक की अनवरत प्रस्तुति दी पिछले छह माह में मालवा प्रांत के विभिन्न स्थानों पर स्वयंसेवकों ने वेणु शंख, आनक, त्रिभुज, प्रगद, गौमुख, नागांग ओर सूर्य वाद्यों का प्रशिक्षण लिया। ध्वजारोहण एवं संघ की प्रार्थना के प्रारंभ हुए स्वर-शतक्रम कार्यक्रम में हजारों की संख्या में जनसामान्य और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

**राज्यपाल श्री पटेल ने विजेताओं को किया पुरस्कृत- राज्यपाल एन.सी.ई.आर.टी. के राष्ट्रीय कला उत्सव के समापन समारोह में हुए शामिल**

# देश की सांस्कृतिक समृद्धि का महत्वपूर्ण स्त्रोत है बहुरंगी कलाएं - राज्यपाल श्री पटेल

भोपाल (आरएनएस) राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि देश की सांस्कृतिक समृद्धि का महत्वपूर्ण स्त्रोत बहुरंगी कलाएं है। यह हमारे अंदर की कोमल भावनाओं को जगा कर हमें मनुष्यता का पाठ पढ़ाती है। कलाएं हमारी परम्पराओं, विरासतों, रीति-रिवाजों, संस्कारों, धर्म, समाज, भाषा आदि की विशिष्टताओं को सहेजती और संरक्षित रखती हैं।

राज्यपाल श्री पटेल क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान परिसर श्यामला हिल्स भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय कला उत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर देशभर के विजेता छात्र-छात्राओं को कला की विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किये और राष्ट्रीय कला उत्सव की विभिन्न विधाओं के निर्णायकों को भी सम्मानित किया। राज्यपाल श्री पटेल ने एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा आयोजित कला प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

राष्ट्रीय कला उत्सव का आयोजन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और एन.सी.ई.आर.टी. के सहयोग से 3-6 जनवरी, 2025 तक किया गया। कला उत्सव में भारत के केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और एकलव्य विद्यालय के लगभग 6 सौ प्रतिभागी शामिल हुए। राज्यपाल श्री पटेल ने प्रदेश की राजधानी भोपाल में राष्ट्रीय कला उत्सव के आयोजन के लिए एन.सी.ई.आर.टी. को साधुवाद भी दिया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि कला उत्सव, देश की कला-संस्कृति की विरासत को शिक्षा के क्षेत्र में संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने का प्रभावी प्रयास है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति बच्चों की प्रतिभा, कौशल को निखार कर उनका समग्र विकास कर 21वीं सदी के वैश्विक नेताओं के रूप में तैयार करने का प्रकल्प है। यह देश के बच्चों की असीम क्षमता को महसूस करते हुए विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से बनाई गई है। उन्होंने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं से आगामी 12 जनवरी को आयोजित हो रहे विकसित भारत यंग लीडर्स संवाद कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील भी की।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि भावी पीढ़ी, अपनी संस्कृति के जिस स्वरूप को देखती है उसी के अनुरूप अपने जीवन के नये मूल्यों का निर्माण करती है। इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि बच्चों को अनुभव आधारित शिक्षा के द्वारा, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता से जोड़े और एक भारत-श्रेष्ठ भारत के गौरवशाली दृष्टिकोण से परिचित और प्रेरित कराएं।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि कला के लिए जीवन में विशेष जगह रखें क्योंकि कला हमें जोड़ती है, प्रेरित करती है और एक समुदाय के रूप में मजबूत बनाती है। इसलिए प्रयास करें कि राष्ट्रीय कला उत्सव का यह आयोजन, कला के विभिन्न रूपों के प्रदर्शन का केवल मंच नहीं बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराओं के बारे में जागरूक बनाने और संरक्षण के लिए जन मानस को प्रेरित करने का सशक्त माध्यम बने।

राज्यपाल श्री पटेल का कार्यक्रम में शॉल और पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान का वीडियों संदेश प्रसारित किया गया। केन्द्रीय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव श्री संजय कुमार ने कला के परिचय, प्रकार और उपयोगिता पर अपने विचार रखे।

एन.सी.ई.आर.टी. के निदेशक प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी ने कला उत्सव के आयोजन की विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रीय समन्वय डॉ. ज्योत्सना तिवारी ने कला उत्सव आयोजन की 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। डॉ. दीपक पालीवाल ने आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय कला उत्सव के समापन समारोह में केन्द्रीय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के अपर सचिव श्री आनंद राव पाटिल, कला मनीषी, कला गुरू, विभिन्न विधाओं के प्रतिभागी छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित थे।



## सीएम ने तीन अधिकारी-कर्मचारियों को निलंबित करने के दिए निर्देश

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री मोहन यादव गत दिवस जनता की समस्याओं का समाधान करने में लापरवाह अधिकारी-कर्मचारियों पर सख्त दिखाई दिए। उन्होंने बैठक के दौरान ही तीन अधिकारियों-कर्मचारियों को निलंबित करने ओर एक कर्मचारी की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए। दरअसल सीएम वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए समाधान ऑनलाइन में विभिन्न जिलों के नागरिकों के लंबित प्रकरणों पर बात कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाही की बात सामने आई। जानकारी के अनुसार समाधान ऑनलाइन के दौरान रीवा जिले की छात्रा शीतल तिवारी को गांव की बेटी योजना में मिलने वाली राशि का भुगतान न होने की बात सामने आई तो सीएम ने तुरंत राशि भुगतान के निर्देश दिए। सीएम ने अधिकारियों से पूछा कि छात्रा को राशि क्यों नहीं दी गई। जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर सीएम ने इस प्रकरण में उच्च शिक्ष विभाग के एक अधिकारी को निलंबित करने और एक अधिकारी की सेवा समाप्त फरमान सुना दिया। इसी तरह भोपाल के अनिल मालवीय के अपने निवास के निकट नालियों के फर्शीविहीन होने की शिकायत पर नगर निगम के दोषी कर्मचारी की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए

**आईसीएसआई की एमपी स्टेट कॉन्फ्रेंस-2025 संकल्प में शामिल हुए**

## देश की क्षमता के सदुपयोग के लिये सही दिशा में प्रयास आवश्यक- उप मुख्यमंत्री शुक्ल



भोपाल (आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वैभवशाली नेतृत्व में आज भारत में अपार संभावनाएं हैं। देश की क्षमता के सदुपयोग के लिये सही दिशा में प्रयास आवश्यक है। इसके लिए आवश्यक है कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले प्रोफेशनल्स पूरी निष्ठा के साथ देश के निर्माण में अपना योगदान दें। सभी अपनी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों का निर्वहन करें।

उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि युवा शक्ति और वरिष्ठों के सतत मार्गदर्शन में भारत 2047 तक विश्वगुरु बनेगा।उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होटल जहांनुमा पैलेस भोपाल में आईसीएसआई (इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंपनी सेक्रेटरीज़ ऑफ़ इंडिया) की एमपी स्टेट कॉन्फ्रेंस-2025 संकल्प में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि देश में तेज गति से विकास हो रहा है। औद्योगीकरण को गति मिली है। विभिन्न क्षेत्रों में स्टार्ट-अप, कंपनियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। आज देश में प्रदेश में सकारात्मक वातावरण है। पूरा विश्व भारत को आशा की नज़रों से देख रहा है। कंपनियों का संचालन नियम अनुसार हो और वे सहजता से देश के विकास में सहभागी बनें इसके लिए कंपनी सेक्रेटरीज की भूमिका अहम है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कॉन्फ्रेंस की सफलता की शुभकामना दी। महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय, संचालक ऐपा श्री राजेश गुप्ता, आईसीएसई के वाईस प्रेसिडेंट श्री धनंजय शुक्ला सहित आईसीएसआई के पदाधिकारी और कंपनी सेक्रेटरीज़ उपस्थित रहे।

## चार्जिंग के दौरान ई-स्कूटर में लगी आग, 11 साल की बालिका की मौत

रतलाम (आरएनएस)। पीएनटी कॉलोनी में शनिवार देर रात एक मकान में आग लग गई। शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि घर में इलेक्ट्रिक बैटरी वाली स्कूटी के चार्जिंग से विस्फोट हुआ है, इस कारण आग लगी है। बाकी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना में 2 लोग घायल हो गए। हादसे में एक 11 साल की बच्ची की मौत हो गई है। वहीं घर का सारा सामान भी जल गया है। आग शहर के वार्ड नंबर 2 लक्ष्मणपूरा पीएनटी कॉलोनी में दीपक किराना स्टोर के पास में भगवती मौर्य के घर में लगी। रात में आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। विस्फोट के बाद अचानक आग की लपटों ने घर को घेर लिया, आस पड़ोसी नींद से उठकर मदद के लिए दौड़े। आग की लपटों ने पूरे घर का सामान जल गया है। रात में आग की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड पहुंची। फिर आग पर काबू पाया गया।

## एम्स में टूटा रिकॉर्ड, ओपीडी में चार दिन में पहुंचे 15 हजार मरीज

भोपाल (आरएनएस)। मौसम में बार-बार बदलाव का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। अस्पतालों में भी वायरल के साथ सर्दी, जुकाम और निमोनिया के मरीजों की भीड़ लग रही है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एम्स, भोपाल में बीते चार दिन में 15 हजार से ज्यादा मरीज पहुंचे। वहीं इस दौरान हमीदिया अस्पताल की ओपीडी में भी 6500 मरीज इलाज कराने पहुंचे। डॉक्टरों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से पारा बहुत कम है। दिन में भी शीत लहर जैसी स्थिति है, ऐसे में वायरल बुखार के मामले बढ़ रहे हैं। खासकर, बच्चों को ज्यादा दिक्कतें हो रही हैं। बच्चों के फेंफड़ों में संक्रमण और निमोनिया के मामले भी करीब 30 फीसदी तक बढ़ गए हैं। मालूम हो कि बीते सप्ताह एम्स अस्पताल की आपीडी में 9041 मरीज इलाक क लिए पहुंचे थे। राजधानी में यह पहला मौका था, जब एक दिन में किसी अस्पताल में इतने मरीज पहुंचे हों। वहीं बीते साल दिसम्बर में एक महीने में यहां 1.20 लाख मरीज ओपीडी में पहुंचे थे।

जेपी अस्पताल की नई बिल्डिंग मार्च में तैयार होगी, चार ओटी, 270 वार्ड होंगे

## कुछ अधिकारी और शराब माफिया बदनाम करने में लगा है डबल इंजन की मोदी और मोहन यादव की सरकार को?

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश में इस समय भाजपा की डबल इंजन की सरकार में इस तरह का अजब-गजब खेल चल रहा है जिसे लेकर कुछ शराब कारोबारी और प्रदूषण मण्डल बोर्ड के संभागीय आरओ इस सरकार की छवि खराब करने में लगे हुए हैं। मध्यप्रदेश में यह अजब-गजब मामला आजकल लोगों की चर्चाओं में बना हुआ है? इस प्रदेश में प्रदूषण मण्डल बोर्ड की आरओ की कार्यशैली इस तरह से हो गई है कि उन्हें न तो अपनी इज्जत की परवाह चाहे लोगों की जान की परवाह है? इसी प्रदेश में प्रदूषण नियंत्रण मण्डल बोर्ड के तीन आरओ कुछ इस तरह की मौज मस्ती में कार्य कर रहे हैं कि उन्हें न तो अपने कर्तव्यों की परवाह है और न ही सरकार की, तभी तो जिस इंदौर जिले के प्रभारी मंत्री स्वयं भाजपा सरकार की डबल इंजन की सरकार के मुखिया मोहन यादव हैं उस इंदौर में वायु प्रदूषण की यह हालत है कि वहां प्रतिवर्ष दो हजार लोगों की मौतें हो रही हैं, ठीक यही आलम पीथमपुर के आरओ की कार्यशैली के चलते उनके क्षेत्र में आने वाला आदिवासी बाहुल्य जिला झाबुआ के मेघनगर के इंडस्ट्रीज एरिया में वहां के कैमिकल फैक्ट्री के मालिकों द्वारा इस तरह का प्रदूषण फैलाया जा रहा है कि वहां के आदिवासी तमाम बीमारियों से जूझ रहे हैं? ठीक यही स्थिति प्रदश के एक प्रदूषण नियंत्रण मण्डल बोर्ड के आरओ की स्थिति है जो अपनी नौकरी ठकुराई के साथ कर रहे हैं? हालांकि इनकी कार्यशैली के बारे में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं वहीं इनकी कार्यशैली भी बड़ी अजब-गजब है यह जहां भी पदस्थ रहे हैं उस क्षेत्र में इनकी गजब कार्यशैली की चर्चाएं लोग चटकारे लेकर करते नजर आते हैं? अभी फिलहाल जिस प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संभागीय कार्यालय में पदस्थ हैं उस कार्यालय से लेकर मध्यप्रदेश भर में इनकी अजब-गजब कार्यशैली की चर्चा है? इनकी कार्यशैली को लेकर इन दिनों यह चर्चा बहुत चटकारे लेकर चल रही है कि प्रदेश के एक शराब कम्पनी के कारोबारी ने इनकी अपने सुरक्षाकर्मियों द्वारा मारपीट तक करवा दी मगर अपनी कार्यशैली के लिये मशहूर यह आरओ महोदय झाडफूंक कर अपनी उस पिटाई को भूल गये जिसमें शराब कम्पनी के कारोबारी ने अपने सुरक्षाकर्मियों से इनकी पिटाई करवाई और वह इस पिटाई के मामले को लेकर रफा-दफा करके चुप्पी साध गये, मजे की बात तो यह है कि उन्होंने अपनी पिटाई की रिपोर्ट की और न ही प्रदूषण नियंत्रण मण्डल बोर्ड को कोई पिटाई की सूचना दी और चुप्पी साधकर अपने कार्यालय में पूर्व की तरह ठकुराईबाजी कार्यशैली को अंजाम दे रहे हैं? इनकी सुरक्षाकर्मियों द्वारा पिटाई की घटना को लेकर उनके कार्यालय में आने वाले लोगों को जब उनकी पिटाई की जानकारी मिलती है तो वह अजब-गजब बातें कहते हैं? कुछ लोगों का तो यह भी कहना है कि यह आरओ महोदय की पिटाई का कारण यह भी हो सकता है कि उन्होंने शराब कम्पनी के महिला सुरक्षाकर्मियों के साथ छेड़छाड़ की हो और इसके कारण उनकी शराब कम्पनी के मालिक ने अपने सुरक्षाकर्मियों के द्वारा जमकर पिटाई करवा दी? वह आरओ महोदय चुप्पी इसलिये साधे हुए हैं कि पिटाई का यह मामला नहीं बल्कि महिला सुरक्षाकर्मियों से छेड़छाड़ का मामला भी हो सकता है? शायद इसलिये आरओ महोदय ने चुप्पी साध ली? कुछ लोग तो यहां तक चर्चा कर रहे हैं कि यदि यह पिटाई के मामले में प्रदूषण नियंत्रण मण्डल बोर्ड के आरओ महोदय दोषी नहीं हैं तो जिस डबल इंजन की सरकार में शराब माफिआओं और आबकारी विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत की बदौलत शराब ने घर पहुंच सेवा का रूप ले लिया है, शायद यही कारण है कि शराब कंपनी के मालिक के द्वारा आरओ की कराई गई पिटाई के मामले में सरकार चुप्प क्यों है? इस बात को लेकर भी तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं? फिलहाल शराब कंपनी के कारोबारी संचालक द्वारा प्रदूषण नियंत्रण मण्डल बोर्ड के संभागीय आरओ की अपने सुरक्षाकर्मियों द्वारा कराई गई मारपीट का मामला इन दिनों प्रदेशभर में शराब कंपनी के संचालक की दबंगाई को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं लोग चटकारे लेकर करते नजर आ रहे हैं? इस चर्चा के कारण जहां मध्यप्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार के मुखिया मोहन यादव की छवि को खराब करने को लेकर प्रदेश में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं?



पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर की ओर मुँह करके करनी चाहिये, हो सके तो सुबह 6 से 8 बजे के बीच में करें. पूजा जमीन पर आसन पर बैठकर ही करनी चाहिए, पूजा गृह में सुबह एवं शाम को दीपक,एक घी का और एक तेल का रखें. पूजा अर्चना होने के बाद उसी जगह पर खड़े होकर 3 परिक्रमाएँ करें. पूजाघर में मूर्तियाँ 1 ,3 , 5 , 7 , 9 ,11 इंच तक की होनी चाहिये, इससे बड़ी नहीं तथा खड़े हुए गणेश जी, सरस्वतीजी, लक्ष्मीजी, की मूर्तियाँ घर में नहीं होनी चाहिये. गणेश या देवी की प्रतिमा तीन, तीन शिवलिंग, दो शालिग्राम, दो सूर्य प्रतिमा, दो गोमती चक्र. दो की संख्या में कदापि न रखें.



## अश्विन मैच जिताऊ खिलाड़ी रहे

रोहित शर्मा और खुद उनके बयानों से स्पष्ट है कि रविचंद्रन अश्विन खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे थे। उन्हें लगने लगा था कि टीम प्रबंधन को उनकी जरूरत नहीं है। संभवत~ संकेत यह था कि अब टीम में उनकी जगह पक्की नहीं है। कोई बड़ा खिलाड़ी किसी बड़ी टेस्ट शृंखला के बीच तुरंत रिटायर होने का एलान करे, तो उसे अवकाश लेने की सामान्य प्रक्रिया नहीं माना जा सकता। बड़े खिलाडियों की विदाई अक्सर नियोजित ढंग से और स-सम्मान होती है। इसलिए रविचंद्रन अश्विन ने जिस तरह भारत- ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरिज के बीच तुरंत रिटायरमेंट का एलान किया, लाजिमी है कि उस पर कयास लगाए जाएंगे। इसे संकेत माना जाएगा कि भारतीय क्रिकेट के प्रशासन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। अश्विन मैच जिताऊ खिलाड़ी रहे हैं। उनका रिकॉर्ड खुद बोलता है।

भारत के पूरे क्रिकेट इतिहास में अनिल कुंबले (619) के बाद टेस्ट विकेट लेने के लिहाज से वे दूसरे नंबर पर (537) हैं। अपने छह टेस्ट शतकों के साथ दुनिया के टॉप स्पिनरों में बतौर बल्लेबाज वे पहले नंबर पर हैं। 13 साल तक चले टेस्ट करियर के दौरान 106 मैचों में उन्होंने 37 बार एक पारी में पांच और आठ बार मैच में दस विकेट उन्होंने लिए। भारत की अनुकूल पिचों पर उन्हें खेलना किसी विदेशी टीम के लिए बड़ी चुनौती बना रहा।

अब कप्तान रोहित शर्मा और खुद अश्विन के बयानों से स्पष्ट है कि 38 वर्षीय अश्विन खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे थे। उन्हें लगने लगा था कि टीम प्रबंधन को उनकी जरूरत नहीं है। इस सीरिज में अब तक हुए तीन मैचों में उन्हें सिर्फ एक में खेलाया गया।

# नेताओं की बढ़ती सम्पत्ति गरीबों को मुंह चिढ़ा रही है

भारत में 12.9 करोड़ लोगों को एक वक्त का खाना भी ठीक तरह से मयस्सर नहीं होता और नेताओं की सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती सम्पत्ति इनकी गरीबी का उपहास उड़ा रही है। इस पर भी तुर्रा यह है कि देश के नेता आम जनता के लिए काम करते हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू दूसरे नंबर पर हैं। उनके पास 332 करोड़ रुपये से अधिक की कुल संपत्ति है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तीसरे नंबर पर हैं। उनके पास 51 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। यह खुलासा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में किया गया है। देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि प्रति मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपये है। भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय या एनएनआई 2023-2024 के लिए लगभग 1,85,854 रुपये थी, जबकि एक मुख्यमंत्री की औसत स्व-आय 13,64,310 रुपये है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7.3 गुना है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 55 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सूची में दूसरे सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन 1.18 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे सबसे कम संपत्ति वाले मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्रियों की इस सम्पत्ति का खुलासा चुनाव आयोग में दिए गए सम्पत्ति के ब्यौरे से हुआ है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग के पास ऐसा कोई तरीका नहीं है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि जो जानकारी दी है, वह सही या कुछ छिपाया गया है। दरअसल देश के नेता चुनाव आयोग को वही जानकारी देते हैं, जिसे वे आयकर रिटर्न में भरते हैं। देश में आयकर रिटर्न भरने वाले भी आयकर और प्रवर्तन निदेशालय के जाल में फंसते रहे हैं। सिर्फ रिटर्न फाइल कर लेने मात्र से किसी की सम्पत्ति या आय दूध की धुली नहीं हो जाती। यदि ऐसा ही होता तो देश के सैकड़ों नेता ईडी, सीबीआई और आयकर के लपेटे में नहीं आते। हालांकि इनके जाल में फंसने के बाद नेता यही राग अलापते रहे हैं कि विपक्ष में होने के कारण उन्हें जानबूझ कर फंसाया गया है।

विपक्षी दलों के दिग्गज नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा और उसके सहयोगी दलों पर भी सवाल उठते रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सत्तारुढ भाजपा और उसके सहयोगियों में सभी ईमानदार हैं। चन्द्रबाबू नायडू और नीतिश कुमार के समर्थन से बहुमत में केंद्र की भाजपा सरकार में क्या इतना साहस है कि इनके दलों के नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर कोई कार्रवाई कर सके। क्या यह संभव है कि इन दोनों दलों के नेताओं के भ्रष्टाचार की जानकारी केंद्रीय जांच एजेंसियों को नहीं हो।

यही वजह है कि जांच एजेंसियों पर दुर्भावना से कार्रवाई करने के आरोप लगते रहे हैं। विपक्षी दलों का यह भी आरोप है कि जिन विपक्षी नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया, उनके मामले रफा-दफा कर दिए गए। 2014 से 2022 तक ईडी के निशाने पर रहे क़रीब 95 फ़ीसदी यानी 115 नेता विपक्ष से थे। हालांकि ये आंकड़े 2022 तक के ही हैं। इसके बाद 2023 में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे और इस दौरान विपक्षी दलों ने अलग-अलग राज्यों पर हुई ईडी, सीबीआई की छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बताया था। वर्ष 2004-14 में 26 नेताओं से ईडी ने पूछताछ की थी। इनमें क़रीब 54 फ़ीसदी यानी 14 नेता विपक्ष से थे। यह संभव है कि मुख्यमंत्रियों और दूसरे नेताओं ने सम्पत्ति व्यवसायों के जरिए अर्जित की हो, या फिर पुश्तैनी हो। इसके बावजूद इतनी भारी सम्पत्ति होना देश में गरीबी की जीवन रेखा से नीचे रहने वालों को मुंह तो चिढ़ाती है। जबकि नेता आम लोगों के प्रतिनिधित्व का दावा करते हैं। वर्ष 2023 बहुआयामी गरीबी सूचकांक रिपोर्ट में पाया गया है कि दुनिया के सभी गरीब लोगों में से एक तिहाई से अधिक दक्षिण एशिया में रहते हैं- जो लगभग 12.9 करोड़ लोग हैं। भारत इस संख्या में महत्वपूर्ण योगदान देता है, जो अत्यधिक गरीबी में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि के लिए जिम्मेदार है। विश्व बैंक अंतर्राष्ट्रीय गरीबी रेखा के आधार पर गरीबी को परिभाषित करता है, जिसके अनुसार प्रति व्यक्ति प्रति दिन 2.15 डॉलर की दर से अत्यधिक गरीबी तय की जाती है, जबकि 3.65 डॉलर निम्न-मध्यम आय श्रेणी में आता है, तथा 6.85 डॉलर उच्च-मध्यम आय श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता है। वैश्विक निर्धारित गरीबी रेखा 3.65 डॉलर प्रति व्यक्ति है। भारत का योगदान वैश्विक गरीबी दर में मामूली वृद्धि के 40 प्रतिशत के बराबर है, जो 23.6 प्रतिशत से बढ़कर 24.1 प्रतिशत हो गई है। भारत में गरीबी दर मिटाने के मामले में केरल सबसे आगे है। केरल में सिर्फ़ 0.71 प्रतिशत आबादी गरीब है।

## अपनों के निशाने पर कांग्रेस पार्टी

कांग्रेस पार्टी इन दिनों अपने ही साथी दलों के निशाने पर है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के संयुक्त इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी से इंडिया गठबंधन का नेतृत्व वापस लेने की मांग की जा रही है। इंडिया गठबंधन में शामिल बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी खुले आम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठा रही है। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस करके कांग्रेस पार्टी को इंडिया गठबंधन के नेता पद से हटाने की मांग की हैं। ममता बनर्जी की मांग के समर्थन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी अपनी सहमति जताई है। इससे इंडिया गठबंधन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है।

जून 2023 में 26 विपक्षी दलों के साथ बना इंडिया गठबंधन अब टूट के कगार पर खड़ा है। लोकसभा चुनाव में मिली हार और उसके बाद हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुई पराजय ने इस गठबंधन को कमजोर कर दिया है। इसी के चलते कांग्रेस के सहयोगी दल ही उसकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाकर अलग राह पकड़ने के संकेत दे रहे हैं। हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने तो कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से बाहर निकलवाने तक की धमकी दे दी है। कांग्रेस द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद से ही आम आदमी पार्टी कांग्रेस से खासी नाराज नजर आ रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस जिस तरह से चुनाव लड़ रही है उससे भाजपा को लाभ मिल रहा है। कांग्रेस नेता अजय माकन व संदीप दीक्षित के बयान विपक्ष को कमजोर करने के लिए भाजपा के कहने पर दिए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद पवार), नेशनल कांफ्रेंस तो खुलकर कांग्रेस की मुखालफत करने लगी है।

## सिंचाई के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने वर्ष 2024 में लिखा नया अध्याय

0-पंकज मित्तल

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अथक प्रयासों के फलस्वरुप वर्ष 2024 में मध्यप्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में नया अध्याय लिखा गया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई के नदी जोड़ो के सपने को साकार करते हुए प्रदेश में देश की दो बड़ी अति महत्वाकांक्षी एवं बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजनों का आगाज हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में 17 दिसंबर को जयपुर में पार्वती- कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना पर मध्य प्रदेश, राजस्थान और केन्द्र सरकार के बीच अनुबंध सहमति पत्र (मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट) हस्ताक्षरित किए गए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 25 दिसंबर को खजुराहो, छतरपुर में केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया। केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना, देश में भूमिगत दाब युक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे पहली और बड़ी सिंचाई परियोजना है।

मध्यप्रदेश सरकार किसान हितैषी सरकार है। इसे सबसे ज्यादा फिक्र अपने अन्नदाता की रहती है। सरकार निरंतर हर खेत तक पानी पहुंचाने के कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी राम सिलावट के नेतृत्व में प्रदेश के जल संसाधन विभाग की विभिन्न वृहद, मध्यम एवं सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से मध्य-प्रदेश में निरंतर सिंचाई का रकबा बढ़ रहा है। किसान पहले दो फसल ले पाते थे, अब तीसरी फसल भी लेने लगे हैं। साथ ही कृषि उत्पादन में भी वृध्दि हुई है। प्रदेश की धरती सुजलाम सुफलाम हो रही है।

सरकार के निरंतर प्रयासों से प्रदेश में सिंचाई के रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वर्ष 2003 में जहां प्रदेश का सिंचाई रकबा लगभग 3 लाख हेक्टेयर था, आज बढ़कर लगभग 50 लाख हेक्टेयर हो गया है। प्रदेश की निर्मित और निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं से प्रदेश में वर्ष 2025-26 तक सिंचाई का रकबा लगभग 65 लाख हेक्टेयर होने की संभावना है। सरकार ने वर्ष 2028-29 तक प्रदेश की सिंचाई क्षमता 1 करोड़ हेक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और उसके लिए प्रदेश में तेज गति से कार्य किया जा रहा है। सरकार ने विभाग के लिए बजट में भी पर्याप्त राशि का प्रावधान किया है। वर्ष 2024-25 के बजट में सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण एवं संधारण के लिए 13 हजार 596 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

इस परियोजना से मध्यप्रदेश के 10 जिलों छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर में 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और 44 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे। फसलों के उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण से हरित ऊर्जा में 103 मेगावॉट योगदान के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। बेहतर जल प्रबंधन एवं औद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त जल आपूर्ति से औद्योगिक विकास होगा और रोजगार को बढ़ावा भी मिलेगा।

## 30 जनवरी 2025 से गुप्त नवरात्रि प्रांरभ, दस महाविद्याओ की साधना होगी

गुप्त नवरात्र के दौरान कई साधक महाविद्या के लिए *मां काली, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी देवी, माता छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, मां ध्रूमावती, माता बगलामुखी, मातंगी और कमला देवी* की पूजा करते हैं. गुप्त नवरात्रि पर्व में माँ दुर्गा जी के दस महाविद्या के सरूप में आराधना की जाती है, समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करने के लिए माँ की गुप्त रूप से साधना होती है, बर्ष में 2 गुप्त नवरात्रि आती है जिनमे साधक तंत्रिक पूजन से भी माँ भगवती की आराधना करके प्रशन्न करते है, अनेक प्रकार की तांत्रिक साधनाये भी की जाति है, इस विषय मे अधिक जानकारी के लिए ज्योतिषाचार्य निर्मल श्री से संपर्क करे..... कुछ वैदिक अनुष्ठान से यह कार्य भी लाभदायक रहते हैं जैसे......... पति प्राप्ति के लिये मन्त्र-

कात्यायनी महामाये महायोगिन्यधीश्वरि !

नंदगोपसुतम् देवि पतिम् मे कुरुते नम~!!

यह मंत्र दुर्गा सप्तशती का संपुटित पाठ किसी योग्य ब्राहमण से करवाऐ माता से प्रार्थना करें हे माँ मै आपकी शरण में आ गयी मुझे शीघ्र अति शीघ्र सौभाग्य की प्राप्ति हो और मेरी मनोकामना शीघ्र पुरी हो माँ भगवती कि कृपा से अवश्य सफलता प्राप्त होगी.

## अब सम्मान नहीं बल्कि लोकप्रियता हासिल करना ही मुख्य लक्ष्य

श्रुति व्यास

अब वह समय नहीं रहा जब आप झूठ न बोल कर सम्मान के पात्र बनते थे। आज राजनीति में झूठ बोलकर ही अपना नैरेटिव, सहानुभूति और जनसमर्थन चाहिए।

हम बहुत भद्दे, गंदे समय में जी रहे हैं। एक बुरी तरह बंटे और कटे हुए समाज में जी रहे हैं। हर आदमी सही है और हर आदमी गलत है। जो हर एक मुद्दे पर हमसे सहमत नहीं हैं वो हमारे लिए बुरा बन जाता है। राजनीति ने हालात और खराब किए हैं। लोगों को बांट दिया है, धुव्रीकृत कर दिया है। नेता अब विचारधारा के आधार पर नहीं चुने जाते है। हम किसी पार्टी को इसलिए वोट नहीं देते है क्योंकि हमें उस पर भरोसा है। बल्कि हम उसे इसलिए वोट देते हैं क्योंकि हम उसकी विरोधी पार्टी से डरते हैं या नफरत करते हैं। हम किसी को पसंद नहीं करते, हम उसके प्रतिद्वंदी को नापसंद करते है।

तभी बंटे हुए समाज में, इस ध्रुवीकरण से लोकलुभावन बातें बेइंतहा बढ़ गई है। सारी दुनिया में मुख्यधारा के अधिकांश राजनेता अब वोट हासिल करने और लोगों को भावनात्मक रूप से अपने से जोडने् के लिए एक ही राग अपनाएं हुए है कि वे आम आदमी के पक्षधर हैं और कुलीनों, बड़े लोगों के विरोधी हैं।

लोक लुभावन बातें सिर्फ दलगत राजनीति तक सीमित नहीं हैं। सार्वजनिक संवादों में लोकलुभावनवाद का प्रयोग मुख्यत~ सत्ता-विरोधी भावनाओं को भड़काने के लिए किया जाता है, इस नजरिए को पेश करने के लिए किया जाता है कि कुलीन भ्रष्ट हैं। यह धारणा इस हद तक बढ़ चुकी है कि %कुलीन वर्ग ' - जिसमें पढे-लिखे, अध्येता और पत्रकार भी शामिल हैं - ने इसे स्वीकार लिया है। नियति मान लिया है कि अब ऐसे ही चलेगा। यह हमारी रोजमर्रा की चर्चाओं में शामिल हो चुका है। यह सब मान चुके हैं कि कुलीन, बौद्धिक वर्ग भ्रष्ट है और आम लोगों के कॉमनसेंस, सहज समझदारी की चिंता नहीं करता। पिछले तीन-चार दिनों में - पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के देहावसान के बाद से - यह विभाजन साफ तौर पर दिखलाया दिया है। सोशल मीडिया विरोध और नफरत से भरा हुआ है। सब एक दूसरे की हर मुद्दे पर खिलाफत कर रहे हैं। इनमें कांग्रेस और भाजपा दोनों शामिल हैं। पुराने, एक सेकंड लम्बे वीडियो खोद निकाल पोस्ट किए जा रहे हैं ताकि गुस्सा भड़के। पार्टियों के ट्रोल योद्धा जोरशोर से ऐसी चीजें पोस्ट कर रहे हैं जिससे नफरत और बढ़ रही है। %विरोधी भावनाएं' उफान पर हैं। विरासतों को कलंकित किया रहा है। प्राण त्याग चुके व्यक्ति की आत्मा को बार-बार यातना दी जा रही है

## महाकुंभ में स्नान करने से पहले गृहस्थ लोगों को ये नियम पता होने चाहिए

जल्द ही कुंभ का आरंभ होने जा रहा है। महाकुंभ का स्नान 13 जनवरी को शुरु होने जा रहा है और यह 26 फरवरी तक चलेगा। जब कुंभ लगता है तो हजारों साधु-संत और श्रृद्धालु प्रयागराज के संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगे। महाकुंभ के अमृत स्नान 6 पड़ रहे हैं। महाकुंभ का अमृत स्नान सबसे पहले साधु-संत करते हैं, इसके बाद श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाते हैं। ऐसे में गृहस्थ लोग अगर महाकुंभ स्नान के लिए जा रहे हैं, तो किन नियमों का पालन करने से शुभ परिणाम मिल सकता है।

महाकुंभ में सबसे पहले नागा साधुओं को सबसे पहले स्नान करने का विशेष अधिकार प्राप्त है। यह परंपरा लंबे समय से चलती आ रही है। नागा साधुओं को भगवान शिव के परम भक्त माना जाता है और उनकी तपस्या और साधना के कारण उन्हें यह सम्मान दिया जाता है। इसी वजह से नागा साधुओं को शाही स्नान करना जरुरी माना जाता है। अगर आप महाकुंभ में स्नान कर रहे हैं और आप शादीशुदा है, तो 5 बार डुबकी लगाएं। 5 डुबकी लगाने से ही स्नान पूरा माना जाता है।

## वर्ष 2025 में सरल कर व्यवस्था की अपेक्षा

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

निश्चित रूप से देश के छोटे-बड़े सभी करदाता वर्ष 2025 में सरल कर व्यवस्था की अपेक्षा कर रहे हैं। यद्यपि सरकार सरल कर व्यवस्था के लिए एक के बाद एक लगातार कदम आगे बढ़ा रही है, लेकिन नये वर्ष में अभी और अधिक सरल कर व्यवस्था जरूरी दिखाई दे रही है।

पिछली 21 दिसम्बर को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) काउंसिल की जैसलमेर में हुई 55वीं बैठक में जीएसटी के सरलीकरण और राहत संबंधी कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। खास तौर से छोटे कर्जदारों को राहत देते हुए कहा गया है कि ऋण शतरे का पालन नहीं करने पर ऋणदाताओं द्वारा जो जुर्माना लगाया जाएगा, उस पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। खास किस्म के फोर्टफाइड चावल पर जीएसटी कम किया गया है। कैंसर की जीन थेरेपी को कर-मुक्त किया गया है। इस्तेमालशुदा यानी पुराने वाहनों की बिक्री पर कर दर 18 फीसद कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष अगस्त, 2024 में आयकर अधिनियम को सरल बनाने के लिए मुख्य आयकर आयुक्त वी. के. गुप्ता की अध्यक्षता में गठित समिति कर रियायतों को तर्कसंगत बनाने, कर गणना के तरीके का स्तर बढ़ा कर इसे विस्तरीय बनाने और अपील करने की व्यवस्था में जटिलता कम करने संबंधी सुधारों पर तेजी से काम कर रही है।

समिति कर विशेषज्ञों और विभिन्न निकायों से प्राप्त सिफारिशों की समीक्षा कर रही है। ज्ञातव्य है कि आयकर अधिनियम, 1961 की करीब 90 धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं। मौजूदा स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस), स्रोत पर कर संग्रह (टीसीएस) व्यवस्था को सरल करने, सीमा शुल्क कानून की तरह ही यह समिति दरों की व्यापक अनुसूची बनाने पर आगे बढ़ रही है। इससे कानूनी जटिलताएं और मुकदमेबाजी में काफी कमी आएगी तथा कर कटौती प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी होगी। उम्मीद है कि गुप्ता समिति की रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत होगी और इसके आधार पर विधि मंत्रालय की मदद से नये आयकर विधेयक का मसौदा तैयार किया जाएगा। निश्चित रूप से पिछले एक दशक में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों में तेज सुधारों का सिलसिला लगातार बढ़ा है, और इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं, उससे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली है, वहीं आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली है। वर्ष 2023-24 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह लगभग चार गुना बढ़ कर 10.45 लाख करोड़ रु पये का रहा। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि आयकर वर्ष 2023-24 में 8.09 करोड़ से ज्यादा रिकॉर्ड आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। साथ ही, मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 में पिछले वर्ष से अधिक आयकर रिटर्न और अधिक आयकर प्राप्ति का परिदृश्य उभरता दिखाई दे रहा है। जिस तरह देश में आयकर संबंधी सुधारों से आयकरदाताओं की संख्या और आयकर राशि में तेजी से इजाफा हुआ है, उसी तरह देश में अप्रत्यक्ष करों में भी सुधार हुआ है। ऐतिहासिक सुधार कहा जाने वाला वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 1 जुलाई, 2017 से लागू हुआ है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीएसटी का संग्रहण 20.18 लाख करोड़ रु पये पहुंच गया, जो पूर्ववर्ती साल के मुकाबले 11.7 फीसद वृद्धि दिखाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल से नवम्बर, 2024 के बीच जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की इस अवधि के मुकाबले 9 फीसद बढ़ कर 14.56 लाख करोड़ हो गया है।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि दुनिया की तेज बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के तहत बढ़ते उद्योग-कारोबार, सर्विस सेक्टर, शेयर बाजार और मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति की नई ऊंचाइयों के कारण देश में टैक्स संग्रहण में तेज वृद्धि हो रही है। वस्तुत~ कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ रही है। सरकार की मुट्ठी में बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद कर रहा है, बल्कि सरकार को अपने करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बना रहा है। चूंकि देश ने 2047 में विकसित भारत का लक्ष्य रखा है, उस दिशा में आगे बढने् के लिए कर सुधारों के साथ कर संग्रह में लगातार इजाफा जरूरी होगा और तकनीक के ज्यादा इस्तेमाल से कर संग्रह में वृद्धि तेज की जानी होगी।

ऐसे में उपयुक्त होगा कि आयकर अधिनियम को सरल बनाने के लिए गठित गुप्ता समिति शीघ्रतापूर्वक अपनी रिपोर्ट पूर्ण करते हुए इस बात पर ध्यान दे कि प्रति व्यक्ति आय के लिए छूट की सीमा को कम करने के मद्देनजर छूट के स्तर को निकट भविष्य में अपरिवर्तित रखा जाए। समिति को ध्यान देना होगा कि करदाताओं की संख्या में इजाफा कर व्यवस्था को अधिक निष्पक्ष बनाया जाए ताकि इससे कर भुगतान को लेकर दृष्टिकोण को सही दिशा में बढ़ावा मिल सके। इसी प्रकार जीएसटी की जटिलताएं कम करके इसे अधिक सरल और कारगर बनाना होगा। नई टेक्नोलॉजी के उपयोग से जीएसटी अनुपालन जितना अधिक कारगर होगा, उतना ही अधिक जीएसटी संग्रह बढ़ाया जा सकेगा। इसके अलावा, जीएसटी चोरी के खिलाफ सरकार द्वारा प्रभावी अभियान चलाया जाना होगा क्योंकि कई कारोबारी फर्जी बिल के इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठा रहे हैं। टैक्स चोरी रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी प्रभावी बदलाव किए जाने होंगे। जीएसटी दरों को कम करने के साथ जीएसटी स्लैब को तर्कसंगत बनाना होगा। समय आ गया है कि जीवन और स्वास्थ्य बीमा की खरीदारी पर लगने वाले 18 फीसद जीएसटी में राहत सुनिश्चित की जाए। क्विक कॉमर्स कंपनियों पर जीएसटी को लेकर निर्णय लिया जाए। पेट्रोलियम उत्पादों और जमीन एवं रियल एस्टेट को भी जीएसटी के दायरे में लाया जाए। निस्संदेह ऐसे प्रयासों से सरकार को आयकर और जीएसटी की अधिक प्राप्ति हो सकेगी। देश की जीडीपी में कर राजस्व का योगदान बढ़ेगा और सरकार विकसित भारत के लिए अधिक रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगी।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जाएगा। आपके आय के नए रास्ते बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आपको किसी से दूरसंचार से शुभ सूचना मिल सकती है, घर में ख़ुशी का माहौल बनेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

मिथुन राशि- आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए काम को समय पर पूरा करना होगा।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिवारजन आपसी सामंजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का समाधान निकालने में सफल रहेंगे। आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल पर अपना खाली समय बिताएंगे। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यह यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा रहने वाला है। जो लोग पैतृक व्यवसाय कर रहे हैं व्यवसाय में कुछ बदलाव के लिए बड़े भाई से बातचीत करेंगे।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। छात्र छात्राओं को अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी समय मिले अपने काम को पूरा कर ले। कुछ नए विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी,

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। बच्चों के सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। आज रुके हुए धन का आगमन होगा।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आपको ऐसी जगह से महत्वपूर्ण बुलावा आएगा, जहां से आपने कभी कल्पना भी नहीं की हो।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। किसी अन्य व्यक्ति की दखलअंदाजी अपने जीवन में न होने दें। आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी,

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। घर पर आपके अच्छे गुणों की चर्चा होगी। परिवार वाले आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे। पैतृक संपत्ति से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं।



भारतीय जनता पार्टी ने अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए आम आदमी पार्टी संयोजक को %विज्ञापन बाबा% करार दिया। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बीजेपी सांसद संबित पात्रा ने अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा और कहा कि आप प्रमुख को आज से %विज्ञापन बाबा% कहा जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली सरकार ने %बिजनेस ब्लास्टर्स% योजना के लिए कुल 54 करोड़ रुपये खर्च किए। हालांकि, विज्ञापन योजना की लागत 80 करोड़ रुपये है।

# दिल्ली-एनसीआर के लिए आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण : पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्लीवासियों को 12,200 करोड़ की सौगात देने जा रहे हैं। पीएम मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो शेयर कर दिल्ली-एनसीआर के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण बताया।

पीएम मोदी ने वीडियो शेयर करते हुए करते हुए लिखा, दिल्ली-एनसीआर के लिए आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण है। आज पहली बार जहां नमो भारत ट्रेन राजधानी में प्रवेश करेगी, वहीं दिल्ली मेट्रो के विस्तार सहित कई विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास का सुअवसर मिलेगा।

इसके अलावा उन्होंने एक अन्य पोस्ट में बताया, दिल्ली में रीजनल कनेक्टिविटी के विस्तार के साथ ही सफर को सुविधाजनक बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी कड़ी में आज दोपहर करीब 12ः15 बजे कई प्रोजेक्ट के लोकार्पण और शिलान्यास का सौभाग्य मिलेगा। इससे पहले साहिबाबाद-अशोक नगर नमो भारत कॉरिडोर का शुभारंभ करूंगा।

पीएम मोदी ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, दिल्ली की जनता-जनार्दन को अब राजधानी के चौतरफा विकास के साथ-साथ जनकल्याण को पूरी तरह समर्पित सरकार चाहिए। उनके इसी संकल्प के बीच आज दोपहर बाद करीब 1 बजे यहां के अपने परिवारजनों से संवाद का अवसर मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दोपहर करीब 12ः15 बजे दिल्ली में 12,200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री सुबह करीब 11ः15 बजे साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा भी करेंगे।

पीएम मोदी साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे हिस्से का उद्घाटन करेंगे, जिसकी लागत करीब 4,600 करोड़ रुपये है। इस उद्घाटन के साथ ही दिल्ली को अपनी पहली नमो भारत कनेक्टिविटी मिल जाएगी।

साथ ही प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली मेट्रो फेज-4 के जनकपुरी और कृष्णा पार्क के बीच करीब 1,200 करोड़ रुपये की लागत वाले 2.8 किलोमीटर लंबे हिस्से का भी उद्घाटन करेंगे। यह दिल्ली मेट्रो फेज-4 का पहला खंड होगा जिसका उद्घाटन किया जाएगा। इससे पश्चिमी दिल्ली के कृष्णा पार्क, विकासपुरी, जनकपुरी के कुछ हिस्से और अन्य इलाकों को लाभ मिलेगा।

इसके अलावा दिल्ली मेट्रो फेज-4 के 26.5 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली खंड की आधारशिला रखेंगे, जिसकी लागत करीब 6,230 करोड़ रुपये होगी। यह कॉरिडोर दिल्ली के रिठाला को हरियाणा के नाथूपुर (कुंडली) से जोड़ेगा। साथ ही आज रोहिणी में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के लिए नए अत्याधुनिक भवन की आधारशिला भी रखेंगे, जिसका निर्माण लगभग 185 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

**वक्फ की जमीन पर लग रहा महाकुंभ : मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी**

बरेली (आरएनएस)। प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की तैयारी अपने अंतिम चरण में है। महाकुंभ मेले में मुस्लिमों के प्रवेश और दुकानें लगाने को लेकर बयानबाजी तेज है।इस बीच उत्तर प्रदेश के बरेली में ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी बड़ा दावा करते हुए महाकुंभ स्थल की जमीन को वक्फ की संपत्ति करार दिया। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने रविवार को एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि मुसलमानों ने हमेशा बड़ा दिल दिखाया है और उसके सबूत दिए हैं। उसकी मिसालें भी बहुत सारी मिलेंगी। महाकुंभ मेले में अखाड़ा परिषद, नागा संन्यासियों और स्वामी बाबाओं ने मुसलमानों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया। लेकिन खुद प्रयागराज के जो मुसलमान हैं, उनमें से एक सरताज ने इस बात की जानकारी दी कि जिस जमीन के ज्यादातर हिस्से पर शामियाने और तंबू लगाए गए हैं, वो जमीन वक्त की है और वहां के मुसलमानों की है। ये जमीन लगभग 54 बीघा है। उन्होंने आगे कहा कि इसके बाद भी मुसलमानों की दरियादिली देखिए कि उन्होंने बड़ा दिल दिखाते हुए मेले की तैयारियों पर कोई आपत्ति नहीं की है। मगर अखाड़ा परिषद और दूसरे बाबा लोगों की तंग दिली देखिए कि वे मेले में मुसलमानों के प्रवेश पर पाबंदी लगा रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन की सवारी की.



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर जोशी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर पहुंचे।

# नीतीश कुमार एनडीए के साथ हैं और रहेंगे : जीतन राम मांझी

गया (आरएनएस)। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने रविवार को साफ शब्दों में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूरी तरह से एनडीए के साथ हैं और एनडीए के साथ ही रहेंगे।

बोधगया स्थित अपने आवास पर रविवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि नीतीश कुमार एनडीए के साथ पहाड़ की तरह डटे हुए हैं। उन्होंने कई बार यह बात कही है। वह (नीतीश कुमार) तेजस्वी यादव के साथ क्यों जाएंगे, जिनके कार्यकर्ता ने यहां जमीन हड़प ली है।

उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव के गुंडे-मवाली लोगों ने गरीबों को दी हुई पर्चे की जमीन लूट ली। नीतीश कुमार ने बिहार में सुशासन की सरकार चलाई है, वह अपना नाम तेजस्वी यादव के साथ जाकर क्यों बदनाम करेंगे। तेजस्वी के साथ जाकर वह कभी भी 2005 के पहले वाली स्थिति में बिहार को नहीं जाने देंगे।

छत्तीसगढ़ में पत्रकार की हत्या पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पत्रकार निर्भीक होकर सच को सामने लाए होंगे इसीलिए उनकी हत्या की गई है। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि इसकी जितनी निंदा की जाए, वह कम है। हम मांग करते हैं कि उनके आश्रितों को सरकारी लाभ और नौकरी दी जाए। दिल्ली चुनाव से जुड़े एक सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा, दिल्ली में एनडीए की सरकार बनेगी। केजरीवाल जो लुभावने वादे कर रहे हैं, उसे जनता समझ रही है। दिल्ली में जनता के लिए कुछ काम नहीं किए गए हैं। वह पिछले नारे को भूल गए हैं। केजरीवाल खुद दिल्ली में गठबंधन नहीं बचा पाए। कांग्रेस और उनकी पार्टी अलग-अलग चुनाव लड़ रही हैं।

जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर के अनिश्चितकालीन अनशन से जुड़े एक सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि प्रशांत किशोर छात्रों को उकसाकर राजनीति कर रहे हैं। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) अपना स्टैंड रखकर परीक्षा ले रहा है।

**मुंबई एनसीबी की कार्रवाई, 74,000 कैप्सूल के साथ भारी मात्रा में जब्त की सिगरेट**

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एनसीबी ने 2,44,400 सिगरेट के साथ अवैध रूप से इस्तेमाल की जाने वाली फार्मास्युटिकल दवाओं के 74,000 कैप्सूल जब्त किए हैं।

एनसीबी ने इसे लेकर आधिकारिक बयान जारी किया। बताया गया कि 74,000 कैप्सूल (29.6 किलोग्राम) का अवैध रूप से इस्तेमाल होना था। यह खेप लंदन के लिए भेजी गई थी। जब्त की गई वस्तुओं को गलत तरीके से घोषित किया गया और गैर-संदिग्ध खाद्य पदार्थों के बीच छुपाया गया था। दरअसल, कुछ दिन पहले एक अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट के बारे में इनपुट प्राप्त हुआ था, जो अवैध डायवर्जन के माध्यम से भारत से फार्मास्युटिकल दवाओं की खरीद में शामिल है और इसे विदेशों में स्थित ग्राहकों तक पहुंचाता है।

## दिल्ली में गिरा पारा, साइकिलिस्ट बोले, ‘ठंड से ज्यादा प्रदूषण से हो रही परेशानी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में पड़ रही कड़ाके की ठंड में रविवार को इंडिया गेट सर्कल पर दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से साइकिलिस्ट पहुंचे थे। जहां एक तरफ वह साइकलिंग का लुत्फ उठा रहे थे वहीं, ठंड में प्रदूषण की वजह से हो रही परेशानी से भी जूझते दिखे। कुछ साइकिलिस्ट्स ने आईएएनएस से बात की। एक साइकिलिस्ट ने कहा, वह बुराड़ी से इंडिया गेट तक साइकलिंग करते आए हैं। बुराड़ी की तुलना में यहां प्रदूषण कम है। सुबह घर से निकलने के दौरान विजिबिलिटी कम होती है जिससे कुछ दिखाई नहीं देता है। कल की अपेक्षा आज काफी ठंड है। ठंड के साथ-साथ कोहरा भी है। इसमें प्रदूषण की वजह से सांस लेने में तकलीफ हो रही है। दूसरे साइकिलिस्ट ने कहा, ठंड से कोई दिक्कत नहीं है। प्रदूषण की वजह से विजिबिलिटी कम हो जाती है तो परेशानी हो जाती है। विवेक ने बताया कि ठंड में साइकलिंग का मजा आता है। ठंड बढ़ने के साथ प्रदूषण भी बढ़ रहा है, जिससे सांस लेने में काफी तकलीफ होती है। दिल्ली में शीतलहर का प्रकोप जारी है। रविवार को तापमान गिरकर 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। तेज हवाएं 16 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रही हैं। इससे ठंड और बढ़ गई है। मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, रात के वक्त धुंध और हल्का कोहरा रहने



रोहिणी के स्वर्ण जयंती पार्क में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और अन्य नेता.

## दिल्ली की समस्याओं का समाधान स्थाई सरकार ही कर सकती है, अस्थाई मुख्यमंत्री नहीं : अलका लांबा

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कालकाजी सीट का मुकाबला त्रिकोणीय है। एक ओर सत्ताधारी पार्टी आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री आतिशी को यहां से प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस पार्टी ने अलका लांबा को इस विधानसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया है। इन तीनो हाई प्रोफाइल नेताओं की वजह से कालकाजी में मुकाबला पेचीदा हो गया है। कांग्रेस प्रत्याशी अलका लांबा ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए चुनाव में अपना पलड़ा भारी बताया। साथ ही उन्होंने आप प्रत्याशी आतिशी को अस्थाई मुख्यमंत्री बताते हुए भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी पर भी निशाना साधा।

उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि मेरा 30 साल का संघर्ष, मेरी ईमानदारी और काम, दिल्ली में जन्मी और पली-बढ़ी एक राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जनता के लिए किया गया कार्य लोगों के दिलों में जगह बनाएगा। अब मेरा लक्ष्य कालकाजी की जनता का विश्वास जीतना है, और उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान देना है। उन्होंने कहा, जो समस्याएं हैं, उनका हल अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी होना चाहिए।

## नितीश कुमार होश में नहीं वो निर्णय लेने लायक भी नहीं : तेजस्वी यादव

मोतिहारी (आरएनएस)। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निजी हमला किया है। उन्होंने एक बार फिर उनकी खराब सेहत का हवाला देते हुए सीएम पद छोड़ने की सलाह दी।

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर मोतिहारी पहुंचे तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यात्रा झूठ की यात्रा है। सीएम नीतीश कुमार हाईजैक हो चुके हैं। कुछ लोग दिल्ली में हैं और कुछ यहां पर हैं। अपने फायदे के लिए यहां पर सरकार चला रहे हैं। मुख्यमंत्री होश में नहीं है और वह निर्णय लेने लायक भी नहीं है। वह थक चुके हैं और रिटायर अधिकारियों के साथ मिलकर बिहार सरकार चला रहे हैं।

आरजेडी में नीतीश कुमार की वापसी पर तेजस्वी यादव ने कहा कि कोई सवाल ही पैदा नहीं होता भाईसाहब. मीडिया वाले लगातार कहते रहते हैं कि नीतीश कुमार आएंगे। उन्हें एक जगह स्थित रहने दीजिए। लालू जी का अंदाज है, जब पत्रकार ने उनसे पूछा तो वह कह दिए। आप सभी जानते ही हैं।

प्रशांत किशोर के आमरण अनशन पर तेजस्वी यादव ने कहा कि छात्रों की इच्छा थी कि इस आंदोलन का किसी भी तरह से राजनीतिकरण न हो। जब लाठीचार्ज हो गया तब यह कहां थे। अब आ रहे हैं। हम लोगों ने विधानसभा में इस मुद्दों को उठाया। छात्रों का सम्मान करते हुए हमने नैतिक समर्थन दिया। छात्रों के कहने पर हमने एक बार नहीं, दो बार मुख्यमंत्री को इस मामले को लेकर पत्र लिखा। विधानसभा में 28 नवंबर को महागठबंधन के लोगों ने इस मुद्दे को उठाया। लेकिन, इसे कुचलने की कोशिश हुई।

## लालू यादव अपने बेटे को बिहार में स्थापित करने में लगे हैं : सम्राट चौधरी

पटना (आरएनएस)। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू यादव द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को फिर से साथ आने का न्योता दिए जाने के बाद बयानबाजियों का दौर थमता नहीं दिख रहा है। इस बीच, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मंत्री मंगल पांडेय ने राजद अध्यक्ष लालू यादव पर जोरदार सियासी हमला बोला है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लालू यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि लालू यादव अपने बेटे को बिहार की राजनीति में स्थापित करना चाहते हैं। लेकिन, हकीकत है कि ये बिहार की जनता है जो किसी को भी बिहार में स्थापित करती है।

दरअसल, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की रविवार को जयंती है। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री चौधरी और मंत्री मंगल पांडेय ने उनको याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर आयोजित एक समारोह में भाग लेने पहुंचे चौधरी ने कहा कि लालू यादव डर गए हैं।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपनी पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ नई दिल्ली में दिल्ली छावनी में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर-2025 के उद्घाटन के दौरान ध्वज क्षेत्र का दौरा करते हुए।





पटना में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने उचित वेतन और स्थायी रोजगार की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया.

# युवा सत्याग्रह समिति’ लड़ेगी छात्र समस्या की लड़ाई, युवा लाठी से डरने वाले नहीं : प्रशांत किशोर

पटना (आरएनएस)। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर पटना के गांधी मैदान में आमरण अनशन पर बैठे जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने रविवार को कहा कि बिहार में एक नया संगठन युवा सत्याग्रह समिति बनी है। उन्होंने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इसमें सभी पार्टी और विचारधारा के छात्र हैं।

पटना के गांधी मैदान में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह समिति 51 सदस्यीय है, जो सिर्फ बीपीएससी ही नहीं बल्कि बिहार में छात्रों की हर समस्या की लड़ाई लड़ेगी।

उन्होंने कहा कि ये अब सिर्फ जन सुराज का आंदोलन नहीं रहा। उन्होंने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव को भी न्योता देते हुए कहा कि वे आएं और इस आंदोलन का नेतृत्व करें, प्रशांत किशोर उनके पीछे चलने को तैयार है। उन्होंने भाजपा के लोगों से भी इसका नेतृत्व करने की अपील करते हुए कहा कि उससे हमको कोई एतराज नहीं है।

उन्होंने कहा, अब यह किसी पार्टी राजद, जदयू, भाजपा, प्रशांत किशोर का अभियान नहीं है। यह सिर्फ छात्रों का अभियान है। इस पूरे समिति में 51 सदस्य होंगे। ऐसे में अगर आप प्रशांत किशोर को गिरफ्तार भी कर लीजिएगा तो भी यह 51 साथी यहां पर डटे रहेंगे और अनशन जारी रहेगा।

जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि ये युवा अब लाठी से डरने वाले नहीं हैं। सरकार अगर अड़ी हुई है तो युवा भी अड़े हुए हैं कि हम आपको मनाए बगैर मानेंगे नहीं। बिहार के युवाओं ने तय कर लिया है कि बिहार के हर लोगों के हक की आवाज बनकर लड़ेंगे, किसी से डरेंगे नहीं।

प्रशांत किशोर ने आह्वान किया, बिहार में अब तक जितने भी प्रदर्शन में शामिल लोगों पर लाठियां चली हैं और जिन लोगों ने लाठी खाई है, रोकर घर चले गए हैं, आइए, वापस आइए। इस गांधी मैदान में युवाओं के साथ खड़े हों। यह समय आ गया है अपने हक की आवाज एक जुट होकर बुलंद करने का। राजद नेता तेजस्वी यादव से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि जब तक वह आदमी युवाओं की बात कर रहा है, वह हमें कितना भी गाली दे, हमें कोई फर्क नहीं पड़ता।



2024 में मैडॉक फिल्म्स की हॉरर कॉमेडी %स्त्री 2% साल की सबसे बड़ी बॉलीवुड हिट बन गई। फिल्म में अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना के साथ राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर नजर आए थे। इस बीच, साल 2025 की शुरुआत में मैडॉक फिल्म्स ने अपने हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स से अपनी आने वाली 8 फिल्मों की रिलीज डेट की घोषणा की, जो साल 2028 तक सिनेमाघरों में रिलीज होंगी।



# जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर शेयर की ग्लैमरस तस्वीरें, फैंस हुए दीवाने

बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ शानदार तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें उनका ग्लैमरस अंदाज देखने लायक है. तस्वीरों में जान्हवी ने सिल्वर शिमरी टॉप और बेल्ट स्टाइल ग्रे स्कर्ट पहना हुआ है, जो उन्हें एक डिवा लुक दे रहा है. जान्हवी ने अपने लुक को खुले कर्ली बालों और न्यूड ग्लो मेकअप के साथ पूरा किया है. उनकी स्टाइलिंग में शार्प कॉन्टूरिंग और हाईलाइटर का परफेक्ट इस्तेमाल देखा जा सकता है, जो उनके चेहरे पर ग्लो एड करता है.



इन तस्वीरों में जान्हवी ने दीवार के पास खड़े होकर स्टाइलिश पोज दिए हैं, जिससे उनकी अदाएं और भी कातिलाना लग रही हैं. पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, पुश 2 स्टार्ट और इस पर फैंस से लेकर सेलेब्स तक जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं. मृणाल ठाकुर ने फायर इमोजी के साथ उनकी तारीफ की, वहीं फैंस ने भी उन्हें स्ले क्वीन और स्टनिंग कहकर सराहा है. जान्हवी के इस पोस्ट को अब तक 6.5 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं, जो उनकी पॉपुलैरिटी को साबित करता है. उनकी यह ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं.

**बॉक्स ऑफिस पर बेबी जॉन की कमाई की रफ्तार धीमी, 9वें दिन रहा ऐसा हाल**

वरुण धवन, वामिका गब्बी और कीर्ति सुरेश जैसे सितारों से सजी फिल्म बेबी जॉन को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 9 दिन बीत चुके हैं।इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसकी हालत खराब है। यह पहले दिन से ही दर्शकों के लिए तरसती नजर आ रही है।हर गुजरते दिन के साथ फिल्म की कमाई लगातार घटती जा रही है। आइए बताते हैं बेबी जॉन ने 9वें दिन कितने करोड़ रुपये का कारोबार किया।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, बेबी जॉन ने अपनी रिलीज के 9वें दिन यानी पहले गुरुवार को 1 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 36.40 करोड़ रुपये हो गया है।इस फिल्म ने पहले दिन 11.25 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की थी। हालांकि, इसके बाद से ही फिल्म की कमाई लगातार घटती जा रही है। इसका बजट 180 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

बेबी जॉन के निर्देशन की कमान कलीज ने संभाली है, वहीं एटली इसके निर्माता हैं। फिल्म में जैकी श्रॉफ ने भी अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है।सान्या मल्होत्रा और राजपाल यादव भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म के अंत में सलमान खान का कैमियो भी है।यह तमिल फिल्म थेरी की रीमेक है, जिसमें दलपति विजय और रश्मिका मंदाना ने मुख्य भूमिका निभाई थी।सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी

## लवयापा का टाइटल ट्रैक आउट, जुनैद खान-खुशी कपूर के बीच जबरदस्त दिखी केमिस्ट्री

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के बेटे जुनैद खान अपनी आगामी फिल्म लवयापा की रिलीज के लिए तैयार है. रिलीज से पहले मेकर्स ने जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज किया है. इस गाने में सोशल मीडिया के दौर में जुनैद और खुशी के बीच की मजेदार केमिस्ट्री दिखाई गई है. नक्श अजीज और मधुबंती बागची ने इस गाने को अपनी आवाज दी है.

जी म्यूजिक कंपनी ने इंस्टाग्राम पर गाने की झलक पेश की है और कैप्शन में लिखा है, बाबू शोना करते-करते हो गया दिमाग का भजियापा? खैर, यह लवयापा की शुरुआत है. लवयापा हो गया गाना रिलीज हो गया है. लवयापा इस वैलेंटाइन वीक में 7 फरवरी 2025 से सिनेमाघरों में.

# आयरा बंसल तेलुगु फिल्मों में डेब्यू करेंगी

गोविंदा और वरुण शर्मा की फ्राई डे फिल्म की को-स्टार आयरा बंसल ने हाल ही में अपनी तेलुगु डेब्यू फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जो 2025 में रिलीज होगी। आगरा की रहने वाली और अभिनेत्री आयरा बंसल ने फ्राई डे, 36 फार्म हाउस और द जोया फैक्टर जैसी फिल्में की हैं और वह साउथ में डेब्यू करने के लिए काफी उत्साहित हैं।

अपनी आने वाली फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मेरी तेलुगु डेब्यू एक एक्शन फिल्म है, जिसका नाम शिवा- द फाइटर है। इस फिल्म में मैं इंदुकुरी सुनील वर्मा, विकास वशिष्ठ और पोसानी कृष्ण मुरली के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर कर रही हूं। फिल्म की डबिंग और पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है, एक बार यह जल्दी ही पूरा हो जाए तो मैं इसके बारे में और बात कर पाऊंगी।

म्यूजिक वीडियो में काम करने से आयरा को और काम मिलने में मदद मिली। उन्होंने राजू खेर के साथ सिंगल मेरी बिटिया,अली मर्चेंट के साथ है कहाँ, विनय बावा के साथ बुके और दो पागल में काम किया है। आयरा को लगता है की भगवान की खास कृपा है उनपे, क्योंकि उन्हें अपनी पिछली फिल्मों में कई बहुमुखी प्रतिभा वाले अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला। मैं खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूँ, क्योंकि मुझे अपनी



फिल्म फ्राई डे में गोविंदा और वरुण शर्मा जैसे अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला।

जैसा कि हम जानते हैं की उनकी कॉमिक टाइमिंग सबसे अच्छी है। दूसरी ओर, मुझे 36 फार्म हाउस में संजय मिश्रा और विजय राज जैसे गंभीर अभिनेताओं और विनीत कुमार सिंह, सौरभ शुक्ला और अन्य के साथ आधार में काम करने का मौका मिला। सेट पर उनके साथ जितना भी समय बिताने का मौका मिला, मैंने उनसे जितना हो सका सीखने की कोशिश की और खुद को एक अभिनेता के रूप में निखारा, आयरा ने अनुभवी अभिनेताओं के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने के बारे में चर्चा करते हुए कहा। फिल्मों और संगीत वीडियो के अलावा, आयरा ने भारत और अमेरिका में कई फैशन डिजाइनरों के लिए रैंप वॉक किया है। आयरा बंसल बिग बॉस सीजन 17 की प्रतिभागी और अभिनेत्री सोनिया बंसल की बहन हैं, लेकिन उन्हें अपना सारा काम ऑडिशन देकर और कास्टिंग एजेंसी की मदद से मिला है।

## मैडॉक फिल्म्स का बड़ा धमाका, स्त्री 3, भेड़िया 2 और महा मुंज्या समेत हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की 8 फिल्में अनाउंस, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

2024 में स्त्री 2 और मुंज्या ने अपनी जबरदस्त कहानी से दर्शकों का दिल जीत लिया और तभी से दर्शक इन फिल्मों की अगली कड़ी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. लेकिन अब मेकर्स ने दर्शकों के इंतजार को खत्म करते हुए स्त्री 3, महा मुंज्या और भेड़िया समेत मैडोक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की 8 फिल्मों का अनाउंसमेंट किया है. तो आइए जानते हैं ये फिल्में कब रिलीज होगी इनके बड़े पर्दे पर आने के लिए दर्शकों को और कितना इंतजार करना होगा.

मैडोक फिल्म्स ने हाल ही में एक जबरदस्त पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया जिसमें उन्होंने अपकमिंग 8 हॉरर-कॉमेडी फिल्मों का अनाउंसमेंट किया. पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा, दिनेश विजान मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की 8 फिल्में प्रस्तुत करते हैं जो आपको हंसी, खौफ, रोमांच और चीखों की वाइल्ड राइड पर ले जाएंगी. थामा में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, अपारशक्ति खुराना, परेश रावल जैसे कलाकार होंगे. यह फिल्म 2025 दिवाली के लिए शेडूयल हुई है. इसके बाद 31 दिसंबर 2025 को शक्ति शालिनी सिनेमाघरों में रिलीज होगी जिसके बारे ज्यादा डिटेल सामने नहीं आई है. वहीं वरुण धवन की भेड़िया की सीक्वल भेड़िया 2 साल 2026 में 14 अगस्त के लिए शेड्यूल हुई है जिसके बाद 4 दिसंबर 2026 को चामुंडा रिलीज होगी. स्त्री फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त स्त्री 3 साल 2027 में 13 अगस्त को रिलीज होगी. 2024 में स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था. इसकी कहानी, ह्यूमर ने दर्शकों का दिल जीत लिया. फिल्म में श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, अपारशक्ति खुराना, पकंज त्रिपाठी, अभिषेक बैनर्जी ने खास रोल प्ले किया था. फिल्म में अक्षय कुमार, वरुण धवन का कैमियो था वहीं तमन्ना भाटिया ने इसमें स्पेशल डांस किया था.

# पुष्पा 2 का बॉक्स ऑफिस पर दबदबा, वर्ल्डवाइड कमाए 1,799 करोड़, 4 हफ्तों में तोड़ा बाहुबली 2 रिकॉर्ड

अल्लू अर्जुन की धांसू एक्शन फिल्म पुष्पा 2: द रूल ने चौथे हफ्ते में एक और रिकॉर्ड तोड़ दिया है. इसने रिबेल स्टार प्रभास की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली 2 का वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड तोड़ दिया है. हालांकि 29वें दिन सुकुमार की निर्देशित फिल्म के कलेक्शन में 46 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई. फिल्म ने 29वें दिन अब तक की सबसे कम कमाई की है.

सुकुमार की निर्देशित एक्शन पुष्पा 2 तमाम विवादों के बीच भी बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड बना और तोड़ रही है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को पुष्पा 2 ने भारत में सभी भाषाओं में 5.1 करोड़ रुपये कमाए, जिसमें से 1.18 करोड़ रुपये तेलुगू से, 3.75 करोड़ रुपये हिंदी से, 0.15 करोड़ रुपये तमिल से, 0.01 करोड़ रुपये कन्नड़ से और 0.01 करोड़ रुपये मलयालम से आए. चौथे हफ्ते में फिल्म का टोटल कलेक्शन करीब 69.75 करोड़ रुपये रहा.

अल्लू अर्जुन-रश्मिका मंदाना की फिल्म का सबसे ज्यादा कारोबार हिंदी भाषा से हुआ है. दूसरे नंबर पर 13.59 करोड़ रुपये के साथ तेलुगू वर्जन हैय. तमिल ने 2.15 करोड़ रुपये की कमाई के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि कन्नड़ और मलयालम क्रमशः 0.19 करोड़ रुपये और 0.07 करोड़ रुपये के कारोबार के साथ चौथे और पांचवें पायदान पर हैं. 29 दिनों के परफॉर्मेंस के बाद पुष्पा 2 ने भारत में सभी भाषाओं में कुल 1189.85 करोड़ रुपये कमाए हैं.

पुष्पा 2 हिंदी बेल्ट में शानदार परफॉर्म कर रही है. इसने रिलीज के 29वें दिन 3.75 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. हालांकि यह चौथे हफ्ते में 800 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूने में नाकाम रही, लेकिन इसके करीब जरूर पहुंच गई है.

मेकर्स के मुताबिक, पुष्पा 2 ने 25 दिनों में 770.25 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. वहीं, 26वें दिन 5.5 करोड़ और 27 वें दिन 6.25 करोड़ रुपये कमाए. 28वें दिन इसके कलेक्शन में उछाल आया और दिन 9.5 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. बड़ी उछाल के बाद एक बार फिर पुष्पा 2 का ग्राफ गिरा. 29वें दिन पुष्पा 2 हिंदी वर्जन ने 3.75 करोड़ रुपये कमाए, जो इसकी अब तक की सबसे कम कमाई है. 29 दिनों के बाद, पुष्पा 2 ने हिंदी बेल्ट में कुल कलेक्शन 795.25 करोड़ रुपये हो गए हैं.

पुष्पा 2 के मेकर्स ने फिल्म के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के बारे में अपडेट दिया है. मेकर्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पुष्पराज का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, पुष्पा 2 अपनी रिकॉर्ड तोड़ कमाई के साथ भारतीय बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है. वाइल्डफायर ब्लॉकबस्टर ने 4 हफ्तों में दुनियाभर में 1799 करोड़ की कमाई की. इसी के साथ पुष्पा 2 ने प्रभास की फिल्म ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली 2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. सैकनिल्क के मुताबिक, बाहुबली 2 ने दुनियाभर में 1788.06 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया था.

## विनीत कुमार सिंह की फिल्म मैच फिक्सिंग की नई रिलीज का ऐलान, नया पोस्टर भी जारी

अभिनेता विनीत कुमार सिंह का नाम बॉलीवुड के उन अभिनेताओं की सूची में शामिल है, जिन्होंने अलग-अलग किरदार निभाकर प्रशंसकों के बीच खास जगह बनाई है।पिछली बार उन्हें वेब सीरीज रंगबाज: डर की राजनीति में देखा गया था, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया। यह जी5 पर उपलब्ध है।पिछले काफी समय से विनीत अपनी आगामी फिल्म मैच फिक्सिंग को लेकर चर्चा में हैं। आखिरकार अब फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है। राजनीतिक थ्रिलर मैच फिक्सिंग: द नेशन एट स्टेक पहले 15 नवंबर, 2024 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म का नया पोस्टर भी सामने आया गया है, जिसमें तमाम सितारों की झलक दिख रही है।मैच फिक्सिंग कंवर खताना की किताब द गेम बिहाइंड सैफरन टेरर से प्रेरित है।

# सर्दियों में इन 4 लोगों को नहीं खानी चाहिए फूलगोभी, नहीं तो बढ़ सकती है समस्याएं

आजकल बाजारों में हरी-भरी ताजी फूलगोभी की सब्जियों काफी मात्रा में मिल रही हैं. फूलगोभी सब्जी कई विटामिन और पोषक तत्वों से भरपूर है जो स्वास्थ्य के लिए बेहद अच्छा होता है. फूलगोभी में ऐसे कई पोषक तत्व होते हैं जो शरीर को स्वस्थ बनाने में काफी मदद करते हैं. फूलगोभी में विटामिन सी, विटामिन ए और विटामिन बी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं. जोकि शरीर के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होते हैं. लेकिन सर्दियों के मौसम में हर रोज फूलगोभी खाने से कुछ लोगों को कई सारी दिक्कते हो सकती है. आइए जानते हैं फूलगोभी खाने के नुकसान के बारे में...

इन लोगों को भूलकर भी नहीं खाना चाहिए फूलगोभी-

गैस और एसिडिटी में न खाएं



फूलगोभी जिन लोगों को खान-पान से गैस और एसिडिटी की समस्या होती है. उन लोगों को सर्दियों के मौसम में फूलगोभी का सेवन कम करना चाहिए. क्योंकि फूलगोभी में कार्बोहाइड्रेट होता है, जो पाचन से जुड़ी समस्याओं को बढ़ाता है. ऐसे में फूलगोभी की सब्जी या पराठा खाने के बाद आपको गैस और पेट फूलने की समस्या का सामना करना पड़ सकता है.

थायराइड में न खाएं

अगर आपको थायरॉइड की समस्या है तो आपको भूलकर भी फूलगोभी नहीं खानी चाहिए. इससे आपकी परेशानी बढ़ सकती है. फूलगोभी खाने से थायरॉइड ग्रंथि की आयोडीन की क्षमता कम हो जाती है. इससे काफी परेशानी हो सकती है. इसलिए थायरॉइड के मरीजों को फूलगोभी कम से कम खाना चाहिए.

पथरी होने पर न खाएं

पथरी की समस्या से परेशान लोगों को फूलगोभी का सेवन भी नहीं करना चाहिए. ये काफी हानिकारक हो सकता है. खासकर अगर आपको पित्ताशय और किडनी में पथरी है तो आपको फूलगोभी खाने से बचना चाहिए. फूलगोभी में कैल्शियम होता है जो पथरी की समस्या को और बढ़ा सकता है.

# नीम की लकड़ी के कंघे से बालों को मिलेंगे ये 5 फायदे, जानें कैसे करें इस्तेमाल

बालों की देखभाल के लिए सही कंघे का चुनाव बहुत अहम होता है।आजकल बाजार में कई तरह के कंघे उपलब्ध हैं, लेकिन नीम की लकड़ी से बने कंघे का उपयोग आपके बालों के लिए विशेष लाभकारी हो सकता है।यह न केवल बालों को स्वस्थ रखता है बल्कि उन्हें प्राकृतिक चमक भी प्रदान करता है।इस लेख में हम आपको बताएंगे कि नीम की लकड़ी के कंघे का इस्तेमाल करने से बालों को क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।



बालों की जड़ों को बना सकता है मजबूत

नीम की लकड़ी का कंघा बालों की जड़ों को मजबूती प्रदान करता है। जब आप इस कंघे से अपने बाल संवारते हैं तो यह आपके स्कैल्प पर हल्का मसाज करता है, जिससे रक्त संचार बढ़ता है।इससे आपके बालों की जड़ें मजबूत होती हैं और उनका गिरना कम होता है। इसके अलावा यह खोपड़ी में मौजूद गंदगी और तेल को भी साफ करता है, जिससे आपका स्कैल्प स्वस्थ रहेगा।

रूसी और खुजली से दिला सकता है राहत

नीम अपने एंटी-बैक्टीरियल गुणों के लिए जाना जाता है, जो रूसी और खुजली जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करता है।नीम की लकड़ी का कंघा नियमित रूप से इस्तेमाल करने पर स्कैल्प पर जमा बैक्टीरिया और फंगस को खत्म कर देता है।इससे न केवल खुजली कम होती है बल्कि रूसी भी धीरे-धीरे समाप्त हो जाती हैं। इसके अलावा यह स्कैल्प को साफ और स्वस्थ बनाए रखने में भी सहायक होता है।

बालों का सुलझाना होता है आसान

नीम की लकड़ी का कंघा आपके उलझे बालों को आसानी से सुलझाने में मदद करता है। इसकी चिकनी सतह के कारण यह बिना खींचतान के बालों को सुलझा देता है, जिससे बाल टूटते या झड़ते नहीं हैं।इसके अलावा यह बालों की लंबाई बनाए रखने में भी सहायक होता है। इसका नियमित उपयोग करने से आपके बाल स्वस्थ और मजबूत बने रहते हैं, जिससे उनका गिरना भी कम होता है।

बालों में ला सकता है प्राकृतिक चमक

नीम की लकड़ी के कंघे का नियमित उपयोग आपके बालों को प्राकृतिक चमक देता है।जब आप इस कंघे से बाल संवारते हैं तो नीम का तेल धीरे-धीरे स्कैल्प पर फैलता है, जिससे बाल मुलायम और चमकदार बनते हैं।यह तेल बालों को नमी और पोषण प्रदान करता है, जिससे वे उलझने से बचते हैं और टूटने से भी सुरक्षित रहते हैं।नीम के कंघे का उपयोग आपके बालों को स्वस्थ और आकर्षक बनाए रखता है।

## शब्द सामर्थ्य -287

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गैरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 286 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना गोहलपुर में मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि प्राची मिश्रा उम्र 14 वर्ष निवासी बस्ती नम्बर 1 सुभाषनगर को शाम लगभग 5 बजे घर पर चूहामार दवाई का सेवन करने से दिनांक 5-1-25 को विक्टोरिया अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया था। विक्टोरिया से रेफर होने पर रात्रि लगभग 11-55 बजे प्राची मिश्रा को मौसी सुनीता विश्वकर्मा द्वारा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के आज रात लगभग 2-30 बजे प्राची मिश्रा की मृत्यु हो गई है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।



**प्रकाशोत्सव पर नगर में हुए अनेक आयोजन गुरुद्वारे हुए रोशन, घरों में दीपमाला**

# राष्ट्रभक्ति धर्मनिष्ठा और वीरता के प्रतीक हैं गुरु गोबिंद सिंह







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। -साहिब ए कमाल, शाह ए शहंशाह साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव पर नगर में विभिन्न स्थानों पर आयोजन किए गए। जहां गुरुद्वारों को आकर्षक विद्युत रोशनी से सजाया गया वहीं घरों में दीप प्रज्वलित किए गए। इकबाल भवन स्थित गुरुद्वारा माईयां में मात्रशक्ति द्वारा कीर्तन दरबार के साथ गुरु का लंगर भी लगाया गया। हुजूरी रागी जत्था भाई प्रीतम सिंह ने मनोहारी गुरुवाणी शबद कीर्तन के दौरान कहा कि महान गुरु गोबिंद सिंहजी महाराज राष्ट्रभक्ति, धर्म निष्ठा और वीरता के प्रतीक हैं। सिख नारी मंच द्वारा भी बधाई गीत पेश किए गए। दूसरी तरफ गुरुद्वारा श्री गुरु नानकस्थली मढ़ाताल में भोर वेला में कीर्तनी प्रभातफेरी निकाली गई और रात्रि कालीन कीर्तन दरबार आयोजित किया गया। आरती, दीपमाला और पुष्प वर्षा से सर्वत्र उल्लास बिखर गया । अंत में गुरु का लंगर वितरित किया गया। रागी जत्था भाई नरेंद्र सिंह ने मनोहारी गुरुवाणी शबद कीर्तन से साध संगत को सराबोर कर दिया। सरबत के भले की विशेष अरदास प्रार्थना सम्पन्न हुई। इसके साथ ही गुरुद्वारा ग्वारीघाट छापर, अधारताल, रांझी, प्रेम नगर, गोरखपुर, हाथीताल में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# अधोसंरचना कार्य के चलते सूरत स्टेशन बजाय उधना स्टेशन पर ठहराव

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पश्चिम रेलवे के मुंबई मंडल के सूरत स्टेशन पर चल रहे अधोसंरचना कार्यों के कारण यात्री रेलगाड़ियों को सूरत स्टेशन के स्थान पर उधना स्टेशन पर ठहराव दिया गया है। यह बदलाव यात्रियों की सुविधा एवं सुगमता को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेलवे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली पाँच रेलगाड़ियों को सूरत स्टेशन के स्थान पर उधना स्टेशन पर ठहराव दिया गया है। जिनकी जानकारी निम्नानुसार है।

निम्नलिखित रेलगाड़ियों का ठहराव अब उधना स्टेशन पर होगा :-

1) गाड़ी संख्या 02134 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रारम्भिक स्टेशन से दिनांक 10.01.2025 से 07.03.2025 तक उधना स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 10:21/10:26 बजे। 2) गाड़ी संख्या 20905 एकतानगर-रीवा महामना साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन प्रारम्भिक स्टेशन से दिनांक 10.01.2025 से 07.03.2025 तक उधना स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 22:50/22:55 बजे। 3) गाड़ी संख्या 20906 रीवा-एकता नगर महामना एक्सप्रेस साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन प्रारम्भिक स्टेशन से दिनांक 11.01.2025 से 01.03.2025 तक उधना स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 13:35/13:40 बजे।

4) गाड़ी संख्या 22937 राजकोट-रीवा एक्सप्रेस साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन प्रारम्भिक स्टेशन से दिनांक 12.01.2025 से 02.03.2025 तक उधना स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 22:50/22:55 बजे। 5) गाड़ी संख्या 22938 रीवा-राजकोट एक्सप्रेस साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन प्रारम्भिक स्टेशन से दिनांक 13.01.2025 से 03.03.2025 तक उधना स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 13:35/13:40 बजे। यात्रीगण कृपया असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 रेल मदद से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

## घर में घुसकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियो को न्यायालय उठने तक का कारावास एवं 2000-2000/- रूपये का अर्थदंड

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जबलपुर के न्यायालय द्वारा थाना घमापुर के अपराध क्रं. 513/2015, में आरोपीगण जयंत व मोनू उर्फ जितेन्द्र को धारा 427, 323 सहपठित धारा 34 व 451 भादस अंतर्गत न्यायालय उठने तक का कारावास एवं 2000-2000/- रूपये के अर्थदंड से दंडित किया। घटना इस प्रकार है कि दिनांक 16.07.2015 को रात्रि में लगभग 10.00 बजे प्रार्थी मनीष ठाकुर स्वयं के निवासगृह में था, तदसमय मोनू आया और उसके आवासगृह के भीतर प्रवेश कर बोला कि आज सुबह की क्या कहानी थी तथा मां बहन की अश्लील शब्दावली उच्चारित करने लगा, तदसमय अभियुक्त मोनू का भ्राता डॉक्टर भी आ गया, दोनो अभियुक्त गालियां देने लगे, प्रार्थी द्वारा प्रत्याख्यान किये जाने पर उसके घर में तोड़फोड़ करने लगे, अभियुक्त मोनू ने उसे किसी वस्तु से मारा, जिससे ऑख के ऊपर चोट आयी, अभियुक्तगण द्वारा उसे जान से मारने की धमकी देकर चले गये। प्रार्थी मनीष ठाकुर द्वारा उक्त घटना के संबंध में आरक्षी केन्द्र घमापुर में रिपोर्ट लेखबद्ध कराई गई, जिस पर अभियुक्तगण के विरूद्ध अपराध क्रमांक 513/2015 अंतर्गत धारा 452, 294, 323, 506, 34 भा.दं.सं. के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान प्रारंभ की गई, अनुसंधान के प्रक्रम पर घटना स्थल का नक्शा विनिर्मित कर प्रार्थी के चिकित्सकीय परीक्षण उपरांत चिकित्सकीय प्रतिवेदन प्राप्त कर, सुसंगत साक्षीगण के कथन लेखबद्ध कर समग्र अनुसंधान उपरांत आरोपित अपराध प्रमाणित पाये जाने पर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उपसंचालक(अभियोजन) श्री विजय कुमार उइके एंव जिला अभियोजन अधिकारी श्री अजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती अरूणप्रभा भारद्वाज द्वारा उक्त मामले में सशक्त पैरवी की गई। श्रीमती अरूणप्रभा भारद्वाज सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के तर्को से सहमत होते हुये न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जबलपुर के न्यायालय द्वारा थाना घमापुर के अपराध क्रं. 513/2015, में आरोपीगण जयंत व मोनू उर्फ जितेन्द्र को धारा 427, 323 सहपठित धारा 34 व 451 भादस अंतर्गत न्यायालय उठने तक का कारावास एवं 2000-2000/- रूपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# जबलपुर प्रवास पर पहुँचे सामाजिक न्याय योद्धा डॉ. प्रोफेसर लक्ष्मण यादव

**गोंडवाना के अमर शहीद राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह प्रतिमा पर की श्रद्धांजलि**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अल्प समय पर जबलपुर प्रवास पर पहुंचे सामाजिक न्याय योद्धा डॉ. प्रोफेसर लक्ष्मण यादव का जबलपुर गोंडवाना चौक पर रेलवे स्टेशन के पास गोंडवाना साम्राज्य के अमर शहीद राजा संकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह जी की प्रतिमा स्थल पर पहुंचे लक्ष्मण यादव श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। वहीं उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए समाज और शिक्षा पर जोर देने की बात कहीं उन्होंने कहा कि हमारे शहीदों ने जिस भारत की कल्पना की थी क्या वह आज कहीं देखने को मिल रही है और यदि नहीं तो हम सभी को इस बात पर विचार करना चाहिए कि कमी कहां है वहीं उन्होंने शिक्षा और बेरोजगारी पर अपना विचार रखा।

इस अवसर पर संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा जबलपुर गढ़ा गोंडवाना सरंक्षण संघ, भारतीय सर्व जनजाति सेना एवं अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थित रहीं। आपको बता दें कि जबलपुर एक विशेष कार्यकम में शामिल होने आए लक्ष्मण यादव शाम 6.00 बजे मालगोदाम चौक स्थित अमर शहीद राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह प्रतिमा स्थल पर पहुंचे थे वहां उन्होंने शहीद पिता और पुत्र को अपनी भावभीनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए वहां मौजूद सभी लोगों को संबोधित भी किया था।

इस अवसर पर संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संयोजक रामरतन यादव, गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ के जिला अध्यक्ष नेम सिंग मरकाम, गया प्रसाद धुर्व, इन्द्र कुमार कुलस्ते, युवराज विश्वकर्मा, मिहीपाल आर्मी, घनश्याम यादव, योगेन्द्र यादव (शक्तिमान), नौखे लाल बरकड़े, धनराज पुसाम, डॉ. टी.आर. बरकड़े, ध्यान सिंह तेकाम, अनूप कुमार कुशवाहा, प्रकाश गौतेल, एड. राजेन्द्र गुप्ता, बालकिशन उइके, शशांक यादव, राजेश यादव, जगदीश नन्हेट बौद्ध, विजय कुमार, एण्ड ओम प्रकाश पटेल, कैलाश सिंह उइके, मनोज मरावी, मानसिंह तेकाम, और अन्य संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे करीब आधा घंटा में मालाल्पर्ण कर उनका स्वागत किया कई मुददो पर विचार किये गये।

## छठी शरीफ आज, होंगे विविध आयोजन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अताए रसूल हजरत ख्वाजा गरीब नवाज अजमेरी रहमतुल्ला अलैह के उर्स की छठी शरीफ आज है। इस मौक़े पर शहर मे विभिन्न आयोजन व नजरों न्याज़ पेश की जाएंगी। मदन महल दरगाह में इस मौक़े पर बाद नमाज फजर कुल शरीफ का आयोजन किया जाएगा व बाद नमाज जुहर महफिले सिमा का एहतेमाम एवं सांय बाद नमाज असर चादर पोशी की रश्म अदा की जाएगी। जिसके बाद नजरों न्याज़ पेश की जाएगी और तबरुख तक़सीम किया जाएगा । हाई कोर्ट के सामने स्तिथ हजरत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती कचहरी वाले बाबा की दरगाह मे छठी शरीफ के मौक़े पर बाद नमाज मगरिब मजार शरीफ पर चादर पोशी व गुल पोशी की जाएगी जिसके उपरांत लंगर तकसीम किया जाएगा । बाद नमाज इशा महफिले सिमा का एहतेमाम दरगाह परिषर मे किया गया है। सज्जादानशीन बाबर खा बंदानवाजी , खादिमे आला चंगेज खान अशरफी ने तमाम अक़ीदतमंदो से शिरकत की गुजारिश की है। इसी प्रकार मुस्लिम बहुल क्षेत्रों मे नजरों न्याज़ व लंगर तकसीम किया जाएगा ।

# दो दिवसीय बैठक प्रियदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। संस्कार भारती महाकौशल प्रांत की दो दिवसीय बैठक का आयोजन यूथ हॉस्टल रानीताल चौक में किया गया जिसमें बाबा योगेंद्र जी के जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर कार्यकर्ताओं में बड़ा ही उत्साह और उमंग के साथ प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया प्रियदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजेश वर्मा कुलगुरु रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर विशिष्ट अतिथि सूर्यकांत शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जबलपुर कैंट विधायक अशोक रोहाणी मध्य विधायक अभिलाष पांडे संस्कार भारती के केंद्रीय लोक कला प्रमुख निरंजन पंड्या क्षेत्र प्रमुख अनिल जोशी प्रांत अध्यक्ष मणिकांत महेश्वरी प्रांत महामंत्री धनराज गुप्ता प्रांत सह महामंत्री निखिल देशकर कोषाध्यक्ष मदन पटेल जिला अध्यक्ष माला सिंह कार्यकारी अध्यक्ष प्रभात दुबे महामंत्री संजय सागर सेन के द्वारा किया गया जिसमें संस्थापक पद्मश्री बाबा योगेंद्र जी एवं मातृशक्ति की प्रतीक रानी अहिल्याबाई होल्कर सावित्री देवी फूले पर केंद्रित प्रियदर्शनी का आयोजन दृश्य कला विभाग से मनीष जैन मानसी पटेल एवं शैलजा सुल्लेरे के प्रयासों से हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी नृत्य कमलेश यादव के कला साधकों ने प्रस्तुत किया सामूहिक नृत्य मोती कश्यप और राम स्तुति को कत्थक नृत्यांगना शालिनी खरे के बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया बैठक का आयोजन 5 सत्रों में 21 जिला के पदाधिकारीयों की सहभागिता में पूर्ण हुआ दो दिवसीय बैठक की व्यवस्था में आरती दीक्षित रवि सोनी नारायण पटेल दिनेश बागड़ी महेश मानव प्रेमदास बैरागी प्रियंका मिश्रा संतोष नेमा राकेश मिश्रा प्रभा विश्वकर्मा राकेश पाठक विजय श्री मिश्र राजेश खरे साधना तिवारी शुभ संदेश विजय नेमा अनुज आदि कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से बैठक आयोजन सफल रहा।

**आज सायंकालीन एवं दिनांक 8 जनवरी को दोनो समय की जलापूर्ति प्रभावित रहेगी**

जबलपुर। कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि ललपुर जलप्रदाय योजना अंतर्गत 42 एवं 55 एमएलडी जलशोधन संयंत्र अंतर्गत रेतनाका पर 750 मि.मी. व्यास की मुख्य पाइप लाइन लीकेज सुधार कार्य किया जाना है, जिसके चलते आज दिनांक 7 जनवरी 2025 को सायंकालीन एवं दिनांक 8 जनवरी 2025 को प्रात:कालीन व सायंकालीन दोनो समय की जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। उन्होंने बताया कि संयंत्र से भरी जाने वाली टंकियाँ क्रमश: हाथीताल, भँवरताल, श्रीनाथ, टाउन हॉल, बादशाह हलवाई मंदिर, गुप्तेश्वर, पी.एस.एम., फूटाताल, ललपुर, ग्वारीघाट, भीमनगर, शारदा नगर, एस.बी.आई. कॉलोनी, सिविल लाइन, सिद्ध बाबा, दंगल मैदान, मदार छल्ला, भोला नगर, करिया पाथर, कटंगा, कुलीहिल, तिलहरी एवं नया गाँव से जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। उक्त अतिमहत्वपूर्ण कार्य के चलते क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू", एम.आई.सी. सदस्य एवं जल प्रभारी दामोदर सोनी, एवं निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने खेद व्यक्त किया है।

## 24X7 वॉटर सप्लाई नई लाईन से प्रारंभ - निगमायुक्त प्रीति यादव

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी जबलपुर के अंतर्गत ए.वी.डी. एरिया में 24x7 योजना के तहत् अब नागरिकों को पेयजल आपूर्ति कराने की पहल प्रारंभ कर दी गयी है। इस संबंध में निगमायुक्त एवं कार्यपालिक निदेशक श्रीमती प्रीति यादव एवं मुख्य कार्यपालिक अधिकारी अनुराग सिंह ने बताया कि स्मार्ट सिटी के ए.वी.डी. एरिया में नागरिकों को सातों दिन 24 घंटे पेयजल की आपूर्ति का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने असुविधा से बचने के लिए राइट टाउन और नेपियर टाउन के नागरिकों से अपील की है कि इस योजना के अंतर्गत नई पाइप लाइन से सभी लोग शीघ्र नल कनेक्शन (मीटर सहित) प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए निर्धारित ठेकेदार (जैन इरीगेशन) को नल कनेक्शन रसीद दिखाना अनिवार्य हैं। इस संबंध अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि पानी प्रदाय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, राइट टाऊन क्षेत्र, नेपियर टाऊन के निवासियों से अनुरोध है कि अपने नल कनेक्शन की रसीद दिखाकर नया नल कनेक्शन नवीन पाइप लाइन से प्राप्त कर सकते हैं।

# डी आर डी ए के सेवानिवृत कर्मचारियों को पेंशन का लाभ क्यों नहीं

**केंद्र शासन व राज्य शासन से जबाव तलब**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी व माननीय न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की भिन्न-भिन्न एकल पीठ ने दो भिन्न याचिकाओं में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सेवानिवृत कर्मचारी को पेंशन न दिए जाने के संबंध में केंद्र सरकार व मध्य प्रदेश शासन से जवाब तलब किया है। उल्लेखनीय है कि जबलपुर जिले के सेवानिवृत कर्मचारी के . एल. राडवे एवं मंडला जिले के राम कुमार सिंगरौरे ने याचिका दायर करते हुए तथ्य प्रस्तुत किए कि वे जिला ग्रामीण विकास अधिकरण (डी आर डी ए) के कर्मचारी थे जो केंद्र शासन की गरीबी उन्मूलन योजना के अंतर्गत स्थापित की गई थी जिसमें यह स्पष्ट प्रावधान था कि डी आर डी ए के पेंशन सहित सेवा सम्बन्धी लाभ राज्य सरकार के कर्मचारियों की भांति रहेंगे . समय समय पर राज्य शासन ने भी विविध आदेश जारी कर स्पष्ट किया कि डी आर डी ए के कर्मचारियों को सभी सेवा लाभ राज्य शासन के कर्मचारियों की भांति ही होंगे. वर्ष 1996 में राज्य शासन ने डी आर डी ए के कर्मचारियों के लिए आदर्श सेवा नियम सृजित किये जिसमें भी यह प्रावधान किया गया था कि इनके सेवा लाभ राज्य शासन के कर्मचारियों की भांति होंगे. वर्ष 1997 में म. प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम , 1993 की धारा 51 में संशोधन कर डी आर डी ए के कर्मचारियों का केंद्र सरकार के मंतव्य के विरुद्ध जिला पंचायत में विलय कर दिया गया. हालांकि तब भी यह प्रावधान था कि डी आर डी ए के कर्मचारियों के वित्तीय लाभ बने रहेंगे. वर्ष 1999 में केंद्र सरकार ने डी आर डी ए प्रशासन योजना बनाई और उसमें यह प्रावधान किया गया कि डी आर डी ए के कर्मचारियों को राज्य शासन के ग्रामीण विकास सम्बंधित विभाग में विलय किया जाए. केंद्र सरकार ने डी आर डी ए के कर्मचारियों को ग्रामीण विकास विभाग में विलय ने किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की . दूसरी ओर , राज्य शासन ने डी आर डी ए प्रशासन योजना के मद का पूर्ण उपयोग किया तथा डी आर डी ए के कर्मचारियों का वेतन भी इसी मद से दिया. किन्तु डी आर डी ए के कर्मचारियों को पेंशन का लाभ नहीं दिया जा रहा है. जबकि अन्यथा भी , डी आर डी ए के कर्मचारी हर दृष्टि से राज्य शासन के कर्मचारी हैं. याचिकाकर्ताओं की ओर से असीम त्रिवेदी , आनंद शुक्ला , पंकज तिवारी , विनीत टेहेंगुरिया , आशीष कुमार तिवारी ने पैरवी की.

## नव वर्ष के उपलक्ष्य में म प्र जूनियर लायर्स एसोसिएशन ने रूदकुंड भेड़ाघाट में नव वर्ष मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया



नव वर्ष के उपलक्ष्य में म प्र जूनियर लायर्स एसोसिएशन ने रूदकुंड भेड़ाघाट में नव वर्ष मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर जूनियर लॉयर्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का समापन वन भोज के साथ किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में युवा अधिवक्ता शामिल हुए । कार्यक्रम में अधिवक्ता - अपूर्व त्रिवेदी शुभम अग्रवाल ,ऋषभ दुबे ,वरुण दुबे ,अभय उपाध्याय ,विक्रम सिंह ,प्रशांत सिर्मोलिया ,हर्षुल त्रिवेदी ,अजय शर्मा ,शाहिल ,अनुराग विश्वकर्मा ,दिव्यानी सोनी ,दीपाली राय ,मासूम उपाध्याय ,निकिता यादव ,आयुषी मिश्रा ,प्रशंसा शर्मा रेशमिता , शिवनंगनी, भाग्यश्री, बुग्गी, अभिलाषा, शुभम मिश्रा , सौरभ दुबे, वेदांत केसरवानी,कमलेश , मयंक जरगर, नागेश्वर दादा आदि उपस्थित रहे

## वीयू के कुलपति महोदय द्वारा तीन दिवसीय प्रषिक्षण कार्यक्रम



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्कूल ऑफ वाईल्डलाईफ फॉरेंसिक एण्ड हैल्थ, ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर के तत्वाधान में तीन दिवसीय प्रषिक्षण कार्यक्रम का षुभारंभ दिनाँक 06.01.2025 को किया गया, जो पर्यावरण, वन एवं जल परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित की गई है, जो मूलत: विषय से संबंधित है। जिसमें देष के विभिन्न प्रदेषों से आये हुए वन क्षेत्र के आसपास कार्यरत वेटरनरी ऑफिसर एवं वेटरनरी कॉलेज के फैकल्टी भाग ले रहे हैं। इस प्रषिक्षण का मुख्य उद्देष्य प्रतिभागियों को वन्यजीवों का खासकर एषियाई हाथियों की देखभाल एवं उनके स्वास्थ्य प्रबंधन से संबंधित जानकारी से अवगत कराना है।

**कॉलेज एवं स्कूलों में लगाई स्वच्छता की पाठशाला**

## संभाग क्रमांक 1 के अंतर्गत चलाया गया हर दुकान डस्टबिन अभियान




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार निगम सीमा अंतर्गत सभी संभागों में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज संभाग क्र. 3 के अंतर्गत आने वाले शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल, एकलव्य पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल एवं सेंट एलॉयसीस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया। स्वच्छता की पाठशाला में छात्र-छात्राओं को निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 एवं जी.एफ.सी. स्टार रेटिंग के शैक्षणिक संस्थान से सबन्धित सभी मापदंडों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।

जबलपुर शहर में चल रहे गीले एवं सूखे कचरे के प्रसंस्करण प्लांटों के बारे में भी सभी को जानकारी दी गई। स्वच्छता की पाठशाला के दौरान घर से निकलने वाले कचरे अलग-अलग जैसे गीला, सूखा को अलग-अलग पृथक कर कचरे को नगर निगम की कचरे वाली गाड़ी में ही देने के लिए आग्रह किया गया, इसके साथ सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पोलीथिन उपयोग करने से होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में भी जानकारी दी गई और स्वच्छता के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया गया। स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को स्वच्छता के बारे में नई नई जानकारी दी गई और सभी को स्वच्छता के प्रति सजग रहने एवं दूसरों को भी सजग करने के लिए प्रेरित किया गया।

## एस.यू.डी. लाइफ का नया यूनिट लिंक्ड फंड लॉन्च- एस.यू.डी. लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एस.यू.डी. लाइफ) ने नए साल में एस.यू.डी. लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह फंड पॉलिसीधारकों को भारत के तेजी से बढ़ते मिडकैप मार्केट में निवेश करने का शानदार मौका दे रहा है। मिडकैप कंपनियां वे होती हैं जिनका काफी मजबूत बिज़नेस मॉडल होता है और जो तेजी से बढ़ने के लिए तैयार होती हैं। हालांकि, मिडकैप स्टॉक्स में थोड़ा उतार-चढ़ाव ज्यादा होता है लेकिन लार्ज-कैप सूचकांकों की तुलना में यह लंबे समय में बेहतर रिटर्न दे सकते हैं। मोमेंटम इन्वेस्टिंग यानी उन स्टॉक्स पर फोकस करना जो अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और कमजोर स्टॉक्स को समय-समय पर हटा देना। एस.यू.डी. लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड हर 6 महीने में री-बैलेंस होता है जिससे मजबूत और कम अस्थिरता वाले स्टॉक्स पर फोकस बना रहता है।

यह फंड निफ्टी मिडकैप 150 मोमेंटम 50 इंडेक्स को ट्रैक करता है।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना गोहलपुर में मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि प्राची मिश्रा उम्र 14 वर्ष निवासी बस्ती नम्बर 1 सुभाषनगर को घर पर चूहामार दवाई का सेवन करने से विक्टोरिया अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया था। विक्टोरिया से रेफर होने पर रात्रि लगभग 11-55 बजे प्राची मिश्रा को मौसी सुनीता विश्वकर्मा द्वारा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के आज रात लगभग 2-30 बजे प्राची मिश्रा की मृत्यु हो गई है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# पुलिस ने पकड़े 16 शातिर बदमाश, 15 रिवाल्वर, कट्टा, पिस्टल, कारतूस बरामद





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में पुलिस ने 16 शातिर बदमाशों को पकड़ा है. जिनके पास से पुलिस ने 15 देशी कट्टा, पिस्टल, रिवाल्वर सहित कारतूस बरामद किए है. पुलिस अब आरोपियों ने अन्य मामलों में भी पूछताछ कर रही है.

पुलिस अधिकरियों ने बताया कि शहर में अपराधियों व अवैध कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाया गया, जिसके चलते पुलिस के हत्थे शातिर बदमाश हाथ लगे. पुलिस ने इन के पास से देशी कट्टा, पिस्टल व रिवाल्वर बरामद किए. पुलिस अधिकारी अब पूछताछ कर रहे है कि फायर आर्म्स कहां से और कैसे प्राप्त किए है. पुलिस का कहना है कि पूछताछ में और भी खुलासा होने की संभावना है.

पुलिस गिरफ्त में आरोपी-

-अजय उर्फ अज्जू निवासी ग्राम सुन्द्रादेही बेलखेड़ा 1 देशी कट्टा एवं 2 कारतूस

-राजेन्द्र उर्फ राजू निवासी ग्राम सुन्द्रादेही बेलखेड़ा एक देशी पिस्टल, एक कट्टा एवं 3 कारतूस

-नितेश उर्फ नितू निवासी विसैंधी पनागर एक देशी कट्टा एवं एक कारतूस -2 अनिल बर्मन निवासी बडे जैन मंदिर के पास पनागर एक देशी कट्टा एवं 1 कारतूस

-जितेन्द्र उर्फ जित्तू निवासी व्यास मोहल्ला पनागर (बेचने वाला)) -जानी सेन निवासी बड़ी खेरमाई मदिर के पास पनागर (बेचने वाला)) -नीतेश तेकाम निवासी ग्राम बारहा बरेला, एक देशी रिवाल्वर एवं 2 कारतूस -साहिल साहू निवासी ग्राम सदाफल कुण्डम, एक देशी पिस्टल एवं एक कारतूस -दुर्गेश निवासी ग्राम घुन्सौर थाना शहपुरा एक देशी कट्टा एवं एक कारतूस -सैफू निवासी रजा चौक अधारताल एक पिस्टल एवं एक कारतूस -चिराग निवासी भानतलैया हनुमानताल एक पिस्टल एवं एक कारतूस -विशाल निवासी खटीक मोहल्ला बेलबाग एक पिस्टल एवं एक कारतूस -अनुज ठाकुर निवासी बड़ा पत्थर रांझी एक देशी कट्टा -प्रवीण रजक निवासी शोभापुर एक पिस्टल एवं 3 कारतूस -शोभित सूर्यवंशी उर्फ राजा निवासी ग्राम मनेरी थाना बीजाडांडी एक पिस्टल एवं एक कारतूस -लखन निवासी हिनौता थाना पनागर एक रिवाल्वर एवं 1 कारतूस

इनकी सराहनीय भूमिका-

शातिर बदमाशों को पकडने् में केंट सीएसपी उदयभान बागरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अपराध शैलेष मिश्रा, एएसआई अशोक मिश्रा, धनंजय सिंह, प्रशांत सोलंकी, संतोष पाण्डे, कैलाश मिश्रा, नरेश पासी, प्रधान आरक्षक राकेश बहादुर सिंह, मनीष सिंह, मन्नू सिंह, वीरेन्द्र सिंह, सुतेन्द्र यादव, संजय मिश्रा, राजेश पाण्डे, अखिलेश पाण्डे, रूस्तम अली, अटल जंघेला, सत्यसेन यादव, संतोष पटैल, अरविन्द श्रीवास्तव, मनोज पाण्डे, संतोष दीक्षित, शेषनारायण राय, आरक्षक विनय सिंह, जय प्रकाश तिवारी, रंजीत यादव, प्रमोद सोनी, आशुतोष बघेल, राजेश मिश्रा, प्रदीप तेकाम की सराहनीय भूमिका रही.

**बरेला थाना में मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार**

## महिला की अश्लील फोटो खींचकर ब्लैकमेल कर किया दैहिक शोषण

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** । बरेला थाना क्षेत्र में रहने वाली 23 वर्षीय महिला की घर में सोते समय अश्लील फोटो खींचकर युवक ने उसे ब्लैकमेल करते हुए उसका दैहिक शोषण किया। लगातार दैहिक शोषण करने के बाद आरोपी ने महिला की अश्लील फोटो वायरल कर दी। इस बात की जानकारी लगने पर महिला ने जब विरोध किया तो आरोपी ने उसे धमकाते हुए मारपीट की। इसके बाद महिला ने थाने पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। मामला दर्ज कर पुलिस ने रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाने पहुँची पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह प्राइवेट जॉब करती है। करीब दो साल पहले वह अपने घर पर सो रही थी। उसी दौरान नितेंद्र झारिया नामक युवक उसके घर में घुसा और उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें खींची व वीडियो बना लिया। इस बीच महिला की नींद खुल गई, जिसके बाद आरोपी ने महिला को फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी दी और ब्लैकमेल कर दो साल तक उसका दैहिक शोषण किया। महिला ने उससे बात करना बंद कर दिया तो आरोपी ने उसकी फोटो वायरल कर दी। इसके बाद 31 दिसम्बर को जब महिला काम पर जा रही थी तो आरोपी ने उसे रोका और अभद्रता करते हुए झूमा-झपटी कर जान से मारने की धमकी दी थी।

## चोरी करने की नियत से दुकान में घुसा युवक पकड़ा गया

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना माढ़ोताल में आज दिनांक 6-1-25 की रात्रि श्रीमती अनुपमा अग्रवाल उम्र 48 वर्ष निवासी चुंगीनाका आईटीआई अपने परिजनों के साथ एक युवक को पकडकर लायी एवं रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मार्बल टाईल्स, सेनेटरी की दुकान चलाती है आज रात लगभग 1 बजे उसकी दुकान में लगे कैमरे को अपने मोबाइल में देख रही थी तभी एक व्यक्ति उसकी दुकान के सामने से कांच के उपर से अंदर घुसते हुये दिखा तो वह एवं उसके पति अश्वनी कुमार तथा बेटा इंद्रन कार्तिक, अरिन्दम के साथ अपनी दुकान चुंगीनाका आये देखा दुकान के अंदर एक व्यक्ति घुसा था जिसे पति एवं बेटे की मद्द से पकड़ा जिसने पूछताछ करने पर अपना नाम दीपक साहू उम्र 24 वर्ष निवासी आईटीआई माढ़ोताल बताते हुये चोरी करने की नियत से दुकान के अंदर घुसना स्वीकार किय । रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए), 62 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**बरेला थाना क्षेत्र में शारदा मंदिर के पास हुआ हादसा**

## बेलगाम ट्रक का कोहराम, कई वाहनों को टक्कर मारी, 3 घायल

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** । बरेला थाना क्षेत्र स्थित शारदा मंदिर के पास शनिवार की रात बेलगाम भागते ट्रक ने कोहराम मचा दिया। चालक का नियंत्रण खोने से ट्रक सड़क पर खड़े कई वाहनों को टक्कर मारते हुए बढ़ा और महिला सहित तीन राहगीर ट्रक की चपेट में आने से घायल हो गये। सूचना मिलने पर पुलिस ने बैरीकेडिंग कर ट्रक को रोका और चालक को हिरासत में लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक यूपी 95 टी 4848 का चालक लोहा लोड कर जबलपुर की ओर आ रहा था। तेज रफ्तार ट्रक शारदा मंदिर रिछाई के पास बहका और चालक का नियंत्रण खोने से ट्रक सड़क किनारे खड़े दो पहिया, चार पहिया वाहनों से टकराते हुए आगे निकला, इस दौरान वहाँ से गुजर रहे राहगीर काजू पटैल, लक्ष्मण बैगा व एक महिला को ट्रक की टक्कर लगने से तीनों घायल हो गये। घायलों में काजू व लक्ष्मण की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल हरकत में आई और मौके से भागे ट्रक को बैरीकेडिंग कर रोका गया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक को अभिरक्षा में लेकर मामला दर्ज किया है।

### सड़क दुर्घटना

**जबलपुर** - थाना माढ़ोताल में अतुल सिंह राजपूत उम्र 34 वर्ष निवासी संगम कालोनी बल्देवबाग थाना कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह खेती किसानी करता है दिनांक 5-1-25 की शाम अपनी कार क्रमांक एमपी 20 सीके 4443 से अपने गांव मदना पनागर से अपने घर संगम कालोनी जबलुपर आ रहा था शाम लगभग 7-30 बजे पियूष ट्रेडर्स के सामने कटंगी रोड़ दीक्षित कालोनी पहुँचा

## जुआ के फड़ पर छापा, 6 जुआरी गिरफ्तार, नगद 3540 रूपये एवं 1 मोबाइल जप्त

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना बरगी में दिनांक 5-1-25 की शाम विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मानेगांव में नीलम यादव के खदान के पास खाली मैदान में कुछ लोग ताश पत्तों पर रूपये पैसों की की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं, सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई 6 जुआड़ी ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ मन्ना खेलते मिले। नाम पता पूछने पर सभी ने अपने नाम क्रमश: गोलू यादव, आकाश यादव, देवी प्रसाद गौंड, कंधी लाल गौंड़ सभी निवासी मानेगांव, राहुल गोस्वामी निवासी ग्राम मोहास डुंगरिया, चमन चौधरी निवासी ग्राम तिन्सी बताये जुआड़ियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते एवं नगदी 3 हजार 540 रूपये तथा एक वीवो कम्पनी का मोबाइल जप्त करते हुये, आरोपियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### रूपये की मांग कर मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

**जबलपुर-** थाना कुण्डम में लक्ष्मी कुमार यादव उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम खिरवा ने लिखित शिकायत की कि उसकी मॉ मेडिकल के नाम से दुकान है बजे सुरेन्द्र साहू उर्फ इडली उसकी दुकान पर आया और 10 हजार रूपये खर्च के लिये मांगने लगा, उसने मना किया तो बोला कि मैं इधर का गुण्डा हूॅ सभी मुझे हफ्ता देते हैं कहकर 10 हजार रूपये की मांग करने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो गाली गलोज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्कों से मारपीट किया। लिखित शिकायत पर आरोपी सुरेन्द्र साहू उर्फइडली के विरूद्ध धारा 296, 119(4), 115(2), 351(3), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. -91, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 06.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री श्रीपांडेय, पिता- श्री गोपाल प्रसाद पांडेय** ने मकान नं. प.ह.न. 57 ख.नं. 84/2, पिन नं. 1000591801 **वार्ड लाला लाजपत राय वार्ड,** प्रथमतल 640 व.फु., **आधार कार्ड, ऑनलाईन विक्रयपत्र ,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि- श्री एस.एस. मर्सकोले, श्री बी.एस. मर्सकोले, मकान नं. प.ह.न. 57 ख.नं. 84/2, पिन नं. 1000591801 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-10 रांझी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं.- 23/ सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 06.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **श्री अरविन्द शर्मा, श्री अशोक शर्मा, श्री बंसत शर्मा, पिता- स्व. श्री हीरालाल शर्मा** ने शासकीय नजूल भूमि में निर्मित भवन नं. 1311, **वार्ड 68 वार्ड ,** भूतल 1187 व.फु. आर.सी.सी., 613 व.फु. सी.सी., प्रथमतल 276 व.फु. आर.सी.सी., 315 व.फु. सी.सी., **संलग्न- शपथपत्र, आधार कार्ड, कर भु. रसीद, सहमति पत्र,** प्रपत्रों के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि श्रीमती कुसुम शर्मा, भवन नं 1311,, पिन नं. 1000374652 , सं.नं. ...... की जगह अपना नाम काबिज में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त काबिज नामांतरण में कोई आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-10 रांझी
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/240 जबलपुर दिनांक 06.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती मोनिका खत्री, पति- श्री कमल खत्री,** ने मकान नं. प्लाट नं. 66 **वार्ड डॉ. राम मनोहर लोहिया,** पिन नं. 1000354026, क्षेत्रफल 1200 व.फु., भूतल 600 व.फु. कामर्शियल स्वयं+ 600 व.फु. रहवास, प्रथमतल 600 व.फु. कामर्शियल स्वयं+ 600 व.फु. उपयोग, **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-6
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 24.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती शिखा केशरवानी, पति- विनय केशरवानी** ने भवन/ क्रमांक 713/2 **वार्ड खेरमाई वार्ड,** क्षेत्रफल 1150 व.फु., भूतल 140 व.फु. कर्मशियल, 610 व.फु. रहवास, प्रथमतल 750 व.फु. आर.बी.सी., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 713/2 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-08 भानतलैया
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 24.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती शिखा केशरवानी, पति- विनय केशरवानी** ने भवन/ क्रमांक 713 **वार्ड खेरमाई वार्ड,** क्षेत्रफल 3395 व.फु., भूतल 560 व.फु. आर.बी.सी. कर्मशियल, 2000 व.फु. रहवास, प्रथमतल 1800 व.फु. आर.बी.सी., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 713 पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-08 भानतलैया
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 24.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राजीव कुमार अग्रवाल, पिता- स्व. श्री मुन्नी लाल** ने भवन/ क्रमांक 1366, **वार्ड हनुमानताल वार्ड,** भूतल 800 व.फु. आर.सी.सी., 400 व.फु. टीन शेड, प्रथमतल 800 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1366, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-08 भानतलैया
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-08,भानतलैया नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/08/भान./2024-25/.... दिनांक- 24.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती मंजू रैकवार, पति- पुरषोत्तम रैकवार** ने भवन/ क्रमांक 65, **वार्ड मौ.अ.क. वार्ड,** क्षेत्रफल 590 व.फु., भूतल 450 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 65, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-08 भानतलैया** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-08 भानतलैया
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/266/ दिनांक 06.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री तजिन्दर सिंह खनुजा, पिता- श्री ठाकुर सिंह खनुजा** ने भवन क्रंमाक. डी-6-11 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** पॉचवीं मंजिल 1284 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. डी-6-11 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री तहसीन खान, पिता- श्री सुभान खान के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं-03 रामपुर
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/265/ दिनांक 06.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अभिषेक तिवारी, पिता- श्री रामनारायण तिवारी, एवं श्रीमती निवेदिता तिवारी, पति- श्री अभिषेक तिवारी** ने भवन क्रंमाक. 905 **वार्ड शहीद गुलाब सिंह वार्ड ,** भूतल 857 व.फु., प्रथमतल 677 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 905 **वार्ड शहीद गुलाब सिंह वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्रीमती सतनाम कौर, पति- श्री सोहन कौर के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं-03 रामपुर
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/263/ दिनांक 06.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती मंजू वर्मा, पति- स्व. श्री जानकी प्रसाद वर्मा, एवं मनीषा वर्मा, जिज्ञासा खरे, उत्कर्ष वर्मा** ने भवन क्रंमाक. 670/पी-174/3, **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड ,** भूतल 776 व.फु., प्रथमतल 736 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 670/पी-174/3, **वार्ड ग्वारीघाट वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री सुरेश कुमार वर्मा,/ स्व. श्री जानकी प्रसाद वर्मा के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं-03 रामपुर
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/260/ दिनांक 06.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती प्रिया कोटवानी, पति- श्री दिव्यांशु कोटवानी, एवं श्रीमती ममता कोटवानी, पति- श्री नन्दलाल** ने भवन क्रंमाक. 1185/16, **वार्ड दादा बाबूराय परांजपे वार्ड ,** प्लाट 2360 व.फु., भूतल 1000 व.फु., प्रथमतल 1000 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 1185/16, **वार्ड दादा बाबूराय परांजपे वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री जगदीश प्रसाद शिवहरे, पिता- स्व. श्री शंकर लाल शिवहरे के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं-03 रामपुर
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/259/ दिनांक 06.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री भीष्म डोडेजा एवं श्री भूषण डोडेजा, पिता- स्व. श्री घनश्याम डोडेजा** ने भवन क्रंमाक. पी.नं. 09, **वार्ड दादा बाबूराय परांजपे वार्ड ,** प्लाट 1942 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. पी.नं. 09, **वार्ड दादा बाबूराय परांजपे वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्रीमती पूजा सावलानी, पति- स्व. श्री ओमप्रकाश के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं-03 रामपुर
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/258/ दिनांक 06.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सूर्यय द्विवेदी, पिता- श्री सुनील कुमार द्विवेदी** ने भवन क्रंमाक. 2008, **वार्ड दादा बाबूराय परांजपे वार्ड ,** प्लाट 880 व.फु., भूतल 455 व.फु., प्रथमतल 462 व.फु., **वसीयतनामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 2008, **वार्ड दादा बाबूराय परांजपे वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्रीमती उमा मिश्रा, पति- श्री राजेन्द्र मिश्रा के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं-03 रामपुर
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/257/ दिनांक 06.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती तारा आडवानी, पति- श्री संतोष आडवानी** ने भवन क्रंमाक. 12/6, **वार्ड शंकर शाह नगर वार्ड ,** प्लाट 1200 व.फु., भूतल 1000 व.फु. व्यवसायिक, प्रथमतल 1000 व.फु., द्वितीयतल 1000 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 12/6, **वार्ड शंकर शाह नगर वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्रीमती साक्षी लालवानी, पति- श्री राजकुमार लालवानी, के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं-03 रामपुर
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/195 दिनांक 06.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती नूरजहां, पति- रेयाजुद्दीन एवं श्री शमीम अहमद, पिता- रेयाजुद्दीन,** ने मकान नं. 45/6 का भाग , **वार्ड चितरंजन दास वार्ड,** क्षेत्रफल 660 व.फु., भूतल 660 व.फु., प्रथमतल 660 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग-14 दमोहनाका
नगर निगम जबलपुर

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999